Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 162 | शनिवार, 14 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## विमान हादसे और अब इजरायल ईरान युद्ध



**नई दिल्ली।** गुरुवार का दिन अगर भारतीय एविएशन सेक्टर के लिए गमों का पहाड़ लेकर आया था तो शुक्रवार का दिन भी खासा परेशानियों वाला रहा। इजरायल-ईरान युद्ध ने भारत से यूरोप और अमेरिका को जाने वाली उड़ानों के लिए काफी मुश्किलें पैदा कीं। इजरायल और ईरान के हवाई क्षेत्रों के बंद होने की वजह से दुनिया भर की दर्जनों एयरलाइनों की सैकड़ों उड़ानों पर असर पड़ने की सूचना है। एअर इंडिया की कई उड़ानों पर असर पड़ा है। कुछ उड़ानें रद भी हुई हैं। हजारों यात्रियों के लंदन, दुबई, अबू धाबी, रियाद, फ्रैंकफर्ट जैसे हवाई अड्डों पर फंसे होने की सूचना है। अगर ईरान और इजरायल आगे भी एक-दूसरे पर हमला करते हैं तो यह स्थिति और बिगड़ सकती है। दूसरी तरफ एअर इंडिया की थाइलैंड से नई दिल्ली आने वाली एक उड़ान को बम की सूचना होने की वजह से आपातकालीन परिस्थितियों में फुकेट में उतारना पड़ा।

## ईरान पर हमले के बीच नेतन्याहू ने पीएम मोदी को किया फोन



**नई दिल्ली।** इजरायल ने शुक्रवार की तड़के सुबह ईरान के कई ठिकानों पर हमला किया। इस हमले में तेहरान में 78 लोगों की मौत हुई और कई टॉप कमांडर व परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। पलटवार करते हुए ईरान ने भी इजरायल पर ड्रोन से हमला किया। लेकिन इजरायल ने सभी ड्रोन को मार गिराने का दावा किया। वहीं इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से बताया गया कि नेतन्याहू ने पीएम नरेंद्र मोदी को हालात की जानकारी दी है। बयान में कहा गया, 'प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कल रात के बाद जर्मन चांसलर, भारतीय प्रधानमंत्री और फ्रांस के राष्ट्रपति से बात की है।' वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस संबंध में सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 'इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का फोन आया। उन्होंने मुझे मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी दी।

# ईरान पर फिर कहर बनकर टूटा इजरायल

# परमाणु ठिकानों पर दागी 100 मिसाइलें ,20 कमांडर सहित 78 मरे

**नई दिल्ली।**

इजरायल ने एक बार फिर ईरान के परमाणु और सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया है। पिछले 24 घंटों में यह दूसरी बार है, जब ईरान पर इजरायल ने बम बरसाए हों। इसके पहले शुक्रवार की तड़के सुबह इजरायल ने ईरान पर फाइटर जेट्स से हमला किया था।

पलटवार करते हुए ईरान ने इजरायल पर ड्रोन से हमला करने की कोशिश की है, लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाया। इजरायली सेना का दावा है कि ईरान की तरफ से भेजे गए हर ड्रोन को इजरायल की सीमा में प्रवेश करने से पहले ही मार गिराया गया। मीडिया रिपोट्र्स में दावा किया जा रहा है कि फोर्डो में परमाणु स्थल के पास दो विस्फोट की आवाज सुनाई दी है। इजरायल के हमले में ईरान के टॉप कमांडर और 6 परमाणु वैज्ञानिकों की मौत हो गई है। दोनों देशों के बीच तनाव इतना बढ़ गया है कि युद्ध की आशंका जताई जा रही है। इजरायली सेना ने दावा किया है कि उसने ईरान में 200 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया है। इसमें इस्फहान का परमाणु केंद्र भी शामिल है। ईरान ने हमले का बदला लेने की कसम खाई है और कहा कि इजरायल को बख्शा नहीं जाएगा।

### ट्रंप ने इजरायल के हमले को सही ठहराया

वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल के हमले को सही ठहराया है। उन्होंने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा है कि अभी बहुत कुछ होना बाकी है। ईरान पर हमले के बाद यमन ने भी इजरायल पर कई प्रोजेक्टाइल दागे हैं।



## ईरान पर इजरायल के हमले से 10 प्रतिशत उछला कच्चा तेल



**नई दिल्ली।**

इजरायल द्वारा ईरान पर हमला करने की खबर सामने आने के कुछ ही देर बाद बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमत में 10 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई, लेकिन फिर इसमें थोड़ी गिरावट आई। ब्रेंट 75 डालर प्रति बैरल के करीब कारोबार कर रहा था, जो गुरुवार के बंद भाव से पांच फीसदी ज्यादा है। इस बीच पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि चिंता की कोई बात नहीं है। भारत के पास पर्याप्त ऊर्जा आपूर्ति है। उन्होंने कहा कि भारतीय तेल उद्योग के प्रमुखों के साथ ऊर्जा उपलब्धता को लेकर समय-समय पर समीक्षा की गई है। हमारे पास आने वाले महीनों के लिए पर्याप्त ऊर्जा आपूर्ति है। पश्चिम एशिया में तनाव में वृद्धि के कारण इजरायल द्वारा ईरान पर हमला के बाद वैश्विक तेल की कीमतें जनवरी के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। भारत कच्चे तेल की जरूरतों का 85 प्रतिशत से ज्यादा और प्राकृतिक गैस की जरूरतों का लगभग आधा हिस्सा आयात करता है। रूस भारत को कच्चे तेल का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। कतर भारत को प्राकृतिक गैस का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है।

# पीएम मोदी ने किया प्लेन क्रैश साइट का निरीक्षण,अस्पताल में घायलों से भी मिलें

**नई दिल्ली।**

गुजरात के अहमदाबाद में हुए भीषण प्लेन क्रैश में 265 लोगों की मौत की बात सामने आ रही है। इसमें यात्री और क्रू मेंबर्स के अलावा उस हॉस्टल के ट्रेनी डॉक्टर भी शामिल हैं, जिस पर एयर इंडिया का विमान गिरा था।

हादसे के अगले दिन यानी आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद पहुंच चुके हैं। उनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और केंद्रीय उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू भी हैं। अहमदाबाद पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने सीधे घटनास्थल का दौरा किया। इसके बाद वह अहमदाबाद सिविल हॉस्पिटल पहुंचे और घायलों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री हादसे में बचने वाले इकलौते शख्स रमेश विश्वास कुमार से भी मुलाकात कर सकते हैं। फिलहाल रमेश का इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री आज ही इस हादसे को लेकर समीक्षा बैठक भी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा कई मायनों में अहम है। गुजरात पीएम मोदी का गृह राज्य है। वह 2001 से लेकर 2014 तक लगातार 4 बार गुजरात के मुख्यमंत्री चुने गए। गुजरात में लगातार मिली राजनीति सफलता के कारण ही नरेंद्र मोदी को 2014 में प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार चुना गया था। प्रधानमंत्री के गृह राज्य में हुए इस हादसे ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। बता दें कि गुरुवार को अहमदाबाद में हुई इस विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व सीएम और राज्य में बीजेपी के दिग्गज नेता विजय रूपाणी की भी मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि एयर इंडिया की फ्लाइट अ171 दुर्घटना में सर्वाधिक गुजरात के आणंद में रहने वाले 33 लोगों की जान गई है। आणंद के कलक्टर प्रवीण चौधरी ने बताया कि लिस्ट की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मरने वालों में 12 राजस्थान के हैं। इस हादसे में बांसवाड़ा के रहने वाले डॉ दीपक, उनकी पत्नी, बेटी और दो जुड़वां बेटे भी मारे गए।



4 बार गुजरात के सीएम रहे हैं मोदी



# सीएम रेखा ने कहा- दिल्ली में आएगी साफ-सुथरी नई शराब नीति

**नई दिल्ली।**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को जानकारी दी कि दिल्ली सरकार जल्द ही एक ऐसी साफ-सुथरी आबकारी नीति लाएगी जो गुणवत्ता वाली शराब उपलब्ध कराएगी, बिक्री-वितरण को पारदर्शी बनाएगी और समाज के संवेदनशील वर्गों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखेगी। दिल्ली में जल्द ही नई शराब नीति आएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को जानकारी दी कि दिल्ली सरकार जल्द ही एक ऐसी साफ-सुथरी आबकारी नीति लाएगी जो गुणवत्ता वाली शराब उपलब्ध कराएगी, बिक्री-वितरण को पारदर्शी बनाएगी और समाज के संवेदनशील वर्गों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखेगी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार की भ्रष्ट नीति से सबक लेते हुए, इस बार भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्य सचिव धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति नई नीति को तैयार कर रही है। यह समिति अन्य राज्यों की सफल आबकारी नीतियों का अध्ययन कर रही है और सभी संबंधित पक्षों (हितधारकों) से भी बात कर रही है। उम्मीद है कि यह काम 30 जून तक पूरा हो जाएगा और समिति अपनी सिफारिशें सरकार को सौंप देगी। सीएम ने कहा कि नई नीति में शराब की गुणवत्ता की वैज्ञानिक जांच, डिजिटल बिक्री प्रणाली, अवैध शराब की बिक्री पर पूरी तरह से रोक और लाइसेंस देने की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता होगी। यह नीति सिर्फ सरकार के राजस्व बढ़ाने के लिए नहीं होगी।




## राष्ट्रपति मैक्रों भी इजरायल के समर्थन में आए

# ट्रंप बोले- ईरान के लिए समझौता करने में अभी भी देर नहीं हुई

**लंदन।**


ईरान पर इजरायली कार्रवाई के बाद क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय नेताओं से वार्ता के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने कहा है कि पश्चिम एशिया में अस्थिरता पैदा करने के लिए ईरान जिम्मेदार है। उसने अनुचित परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है। साथ ही उन्होंने इजरायल से संयम बरतने का आग्रह भी किया। मैक्रों ने कहा कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करने के महत्वपूर्ण बिंदु के करीब तक पहुंच गया है। वह बिना किसी नागरिक औचित्य के यूरेनियम का संवर्धन जारी रख रहा है और यह स्तर परमाणु हथियारों के लिए आवश्यक स्तर के बहुत करीब है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने पूर्व की तरह इजरायल पर हमला किया तो फ्रांस इजरायल की रक्षा करेगा। हालांकि उन्होंने ईरान के विरुद्ध किसी ऑपरेशन में भाग लेने से इनकार किया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को इजरायल-ईरान संघर्ष पर चर्चा की। स्टार्मर की प्रवक्ता ने बताया कि दोनों नेताओं ने कूटनाति एवं वार्ता के महत्व पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने बताया कि स्टार्मर ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बारे में अपनी गहरी चिंता दोहराई। अमेरिका के प्रमुख सहयोगी इजरायल ने शुक्रवार को ईरान पर बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया। हालांकि अमेरिका ने कहा कि वह हमले में शामिल नहीं रहा। जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान ने परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिकी अल्टीमेटम का विरोध करके खुद हमले को आमंत्रित किया है। ट्रंप ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि इजरायल के हमले के बाद ईरान के पास परमाणु कार्यक्रम बचा है या नहीं।



# इजरायली पर ईरान का पलटवार, तेल अवीव पर दागी 150 से मिसाइलें

**यरुशलम।**

ईरान ने शुक्रवार रात को इजरायल पर जवाबी हवाई हमले किए, जिसमें देश के दो सबसे बड़े शहरों यरुशलम और तेल अवीव में विस्फोटों की आवाज सुनी गई। एएनआई ने द टाइम्स ऑफ इजरायल के हवाले बताया कि अब तक ईरान ने इजरायल पर दो बार में लगभग 150 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। यह हमला इजरायल द्वारा अपने पुराने दुश्मन के खिलाफ अब तक के सबसे बड़े सैन्य हमले के बाद हुआ। अधिकारियों द्वारा लोगों से शरण लेने का आग्रह किए जाने पर पूरे इजरायल में हवाई हमले के सायरन बजने लगे। तेल अवीव के ऊपर मिसाइलें देखी गईं, सेना ने कहा कि ईरान ने दो बार गोलाबारी की। टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार, चिकित्सकों के अनुसार, नौ प्रभाव स्थलों की रिपोर्ट मिली है, जिसमें लगभग 15 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से अधिकांश की हालत ठीक है। इजरायल की सेना ने कहा कि ईरान ने 100 से ज्यादा मिसाइलें दागीं और उनमें से अधिकांश को रोक दिया गया या वे कम दूरी पर गिर गईं। दो अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी सेना ने इजरायल की ओर बढ़ रही ईरानी मिसाइलों को मार गिराने में मदद की। इजरायल के चैनल 12 ने कहा कि दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।



## संपादक की कलम से

# एयरपोर्ट इसलिए

बा बार–बार पूछा गया हिमाचल में बड़ा एयरपोर्ट किसलिए, लेकिन अब सुक्खू सरकार कम से कम यह समझाने में एक तरह से कामयाब हो चुकी है कि कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार अगली कई सदियों और पीढ़ियों को सुधारने के लिए इसलिए जरूरी है। सरकार ने कई संघर्ष शांत किए और यहां आर्थिकी के लिए एयरपोर्ट विस्तार योजना के लिए मौके को दुरुस्त किया। हिमाचल के भौगोलिक माप तोल में बड़े एयरपोर्ट की निशानदेही के लिए खंभे तो बहुत गाड़े गए, लेकिन न धूमल सरकार बनखंडी का पहाड़ खोद पाई और न ही जयराम सरकार बल्ह में एयरपोर्ट की संभावना को सिरे चढ़ा पाई। ऐसे में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने जिस शिद्दत से कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार की सारी संभावना, क्षमता और उपयोगिता को प्रदर्शित किया, उससे अब एक बड़े आकाश की खोज शुरू हुई है। वैसे तो केंद्र सरकार के पास कई संकल्प व योजनाएं हैं, जहां से सीधे फंडिंग से इस परियोजना को अपना मकसद मिल पाता। बहरहाल, इस तरह के संवाद में केंद्र हिमाचल को अपनी प्राथमिक सूची में नहीं रखना चाहता, तो दूसरा रास्ता निजी निवेश या बाहरी कर्ज से इसे मुकम्मल करने का ही दिखाई देता है। अभी तक भूअधिग्रहण में प्रारंभिक तौर पर 350 करोड़ आवंटित हो चुके हैं, जबकि नौ सौ करोड़ के अवार्ड के लिए धन की व्यवस्था चाहिए। पहाड़ पर इतने बड़े एयरपोर्ट को उकेरने के लिए जितनी आरंभिक औपचारिकताओं की पैमाइश, समझौतों की गुंजाइश और जनता के साथ आजमाइश थी, उसे सुक्खू सरकार लगभग पूरा कर चुकी है। विस्थापितों की आपत्तियों को भविष्य के परिदृश्य में सुलझाने का शपथपत्र तैयार है। ऐसे में अब वित्तीय आधार पर ही ऐसी महत्त्वाकांक्षी परियोजना का अगला पड़ाव खोजा जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में राज्य के मुख्य सचिव तेलंगाना में हाउसिंग एंड अर्वन डिवेलपमेंट कारपोरेशन यानी हुडको के वित्तीय सहयोग से बन रही परियोजनाओं का अध्ययन करने गए हैं। हुडको अगर साढ़े तीन से चार हजार करोड़ का वित्त पोषण करता है, तो भविष्य के नक्शे पर हिमाचल में बड़े एयरपोर्ट के विस्तार का वजूद होगा। तेलंगाना राज्य अपनी बारह परियोजनाएं हुडको की 12677 करोड़ की फंडिंग से पूरा कर रहा है। हिमाचल की दृष्टि से यह आज तक की एक बड़ी परियोजना है, लिहाजा फंडिंग का पैमाना भी बड़ा और कड़ा ही होगा। इसके मायने यह भी कि राज्य सरकार अपने स्तर पर इस पूरी परियोजना का भार उठाने के लिए तैयार और दृढ़प्रतिज्ञ जान पड़ती है। विकास की नई सदी खोलने के लिए बहुत बड़ी परीक्षा से हिमाचल गुजर रहा है। सोच की सार्थकता यह है कि ऐसी परियोजनाएं शुरू किए बगैर हम हाई एंड टूरिस्ट को यहां नहीं ला पाएंगे। हिमाचल में इवेंट टूरिज्म, कानवेंशन टूरिज्म, कामर्शियल टूरिज्म, सिने टूरिज्म के अलावा वेडिंग टूरिज्म की बढ़ती मांग के हिसाब से यह एयरपोर्ट एक सफल परियोजना के अनेक मानकों को पूरा करता है। मंडी–पठानकोट फोरलेन के चक्के फिलहाल एयरपोर्ट विस्तार की स्थिति के कारण रुके हैं, अत: इस दिशा में अंतिम आदेश की दरकार है। फंडिंग का एक रास्ता अगर हुडको खोल रहा है, तो वित्तीय निवेश के कई अन्य दरवाजों पर दस्तक देने की भी फौरी जरूरत है। हिमाचल को अब अगले मुकाम तक पहुंचने के लिए अपनी तस्वीर में क्षमता, संभावना और परिणाम मूलक आत्मविश्वास को पुख्ता करना होगा। भविष्य का अगला हर कदम बाह्य निवेश पर ही निर्भर करेगा। अगर यह प्रयोग सफल होता है, तो प्रदेश कनेक्टिविटी के अन्य विकल्पों खास तौर पर रज्जु मार्गों के जरिए परिवहन और माल ढुलाई का नेटवर्क भी स्थापित कर पाएगा।



ललित शर्मा
संपादक

## आयुष्मान भारत या असहाय भारत

# निजी अस्पतालों में योजना की लूट और लाचारी



डॉ. सत्यवान सौरभ

आयुष्मान भारत योजना का उद्देश्य गरीबों को मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण इलाज देना है, परंतु निजी अस्पतालों द्वारा इसे लूट का माध्यम बना दिया गया है। मरीजों से नकद धन माँगा जाता है, इलाज में लापरवाही बरती जाती है और दस्तावेजों की गड़बड़ी आम बात हो चुकी है। र ी १ ५ ी २ ँ अस्पताल का एक उदाहरण इस भ्रष्ट तंत्र की सच्चाई को उजागर करता है। सरकार को सख़्त निगरानी, पारदर्शिता और जवाबदेही की ०्य व स्था तत्काल लागू करनी चाहिए, अन्यथा यह योजना जनता का भरोसा खो बैठेगी। भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 'आयुष्मान भारत झ प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' को देश के सबसे बड़े सार्वभौमिक स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम के रूप में प्रचारित किया गया था। इसका उद्देश्य था कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं निःशुल्क मिलें और कोई भी व्यक्ति इलाज के अभाव में अपनी जान न गंवाए। परंतु जब यही योजना निजी अस्पतालों के लिए लाभ का साधन बन जाए और जरूरतमंद नागरिकों के लिए एक जाल, तब यह राष्ट्र के स्वास्थ्य की नहीं, बेबसी की तस्वीर बन जाती है। इस योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष पाँच लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा देने का दावा किया गया। सरकार ने सरकारी और निजी दोनों प्रकार के चिकित्सालयों को सूचीबद्ध किया, जिससे नागरिकों को सुविधाजनक सेवा मिल सके। लेकिन यही सूचीबद्धता बहुत से निजी अस्पतालों के लिए भ्रष्टाचार का दरवाजा बन गई। हरियाणा के एक साधारण परिवार ने इस सच्चाई को तब जाना जब उनका एक बेटा अचानक बीमार पड़ा और उसे एक निजी अस्पताल–री१५ी२ँ अस्पताल–में भर्ती कराने की जरूरत पड़ी। परिवार के पास आयुष्मान कार्ड था, जिससे उन्हें यह विश्वास था कि इलाज बिना पैसे के हो सकेगा। लेकिन अस्पताल ने पहले तो कार्ड को देखकर ही इलाज करने से मना कर दिया। जब कुछ जान-पहचान के माध्यम से प्रवेश संभव हुआ, तब अस्पताल प्रशासन ने बिना किसी पर्ची या बिल के दस हजार रुपये की माँग की। यह राशि सीधे नकद माँगी गई – बिना किसी औपचारिकता के। यह मामला मात्र धन की माँग तक सीमित नहीं रहा। इलाज के दौरान वहाँ की चिकित्सा प्रणाली में घोर लापरवाही देखी गई। नर्सों का व्यवहार, चिकित्सकों की अनुपस्थिति, दस्तावेजों की गड़बड़ी और रोगी की फाइल का गायब होना – इन सबने स्थिति को और भयावह बना दिया। रोगी को एक दिन गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में रखा गया, लेकिन वहाँ की देखरेख और सुविधा नाममात्र की थी। इस घटना से यह स्पष्ट हुआ कि आयुष्मान कार्ड केवल एक कागजी औजार बन चुका है। निजी अस्पताल इस योजना को केवल सरकार से पैसा वसूलने का माध्यम मानते हैं। वास्तविक सेवा की कोई गारंटी नहीं होती। अनेक अस्पतालों में देखा गया है कि या तो योजना के लाभार्थियों को प्रवेश ही नहीं दिया जाता, या फिर उनसे खुलेआम पैसे माँगे जाते हैं। अनेक बार यह भी देखा गया है कि आवश्यक परीक्षण और दवाएं जानबूझकर योजना के बाहर दिखाकर रोगी से अलग से धन वसूला जाता है। कई बार रोगी को इलाज ही नहीं मिलता, लेकिन सरकारी फाइलों में इलाज दिखाकर धन निकाल लिया जाता है। इस योजना की निगरानी के लिए राज्य स्तर पर एक स्वास्थ्य एजेंसी बनायी गई है, परंतु व्यवहार में यह तंत्र लगभग निष्क्रिय दिखाई देता है। उपर्युक्त परिवार ने भी योजना की शिकायत हेल्पलाइन पर दर्ज कराई, लेकिन उन्हें कई सप्ताह तक कोई उत्तर नहीं मिला। अस्पताल प्रशासन से जब पूछताछ की गई तो जवाब की बजाय धमकियाँ और उपेक्षा मिलीं। जब कोई सरकारी योजना इस हद तक भ्रष्टाचार की चपेट में आ जाती है, तो आम जनता के विश्वास का टूटना स्वाभाविक है। सरकार जिन जनकल्याणकारी योजनाओं का डंका पीटती है, जमीन पर वे ही योजनाएँ आम नागरिक के लिए अपमान, अपव्यवस्था और लाचारी का पर्याय बन जाती हैं। यदि पाँच लाख रुपये का बीमा होने के बावजूद किसी गरीब को दस हजार रुपये की नकद राशि देनी पड़े, तो यह न केवल योजना का मखौल है, बल्कि सीधे-सीधे एक सामाजिक अन्याय है। समस्या केवल री१५ी२ँ अस्पताल तक सीमित नहीं है। देश के अनेक राज्यों में हजारों ऐसे निजी चिकित्सालय हैं जो इसी प्रकार योजना का लाभ उठाकर जनता को ठग रहे हैं। यह एक प्रकार की संगठित धोखाधड़ी है, जिसमें अस्पताल, दलाल, और कभी-कभी सरकारी कर्मी भी शामिल होते हैं। एक प्रभावी और तत्काल प्रतिक्रिया देने वाला शिकायत निवारण मंच बनाया जाए। जब तक यह व्यवस्था नहीं होगी, तब तक आयुष्मान भारत योजना का उद्देश्य अधूरा ही रहेगा। यह योजना गरीबों के लिए वरदान बनने की बजाय अब एक ऐसी व्यवस्था बनती जा रही है जहाँ न डॉक्टर ज़िम्मेदार हैं, न अस्पताल पारदर्शी। सब अपने हिस्से का लाभ लेने में लगे हैं – और बीच में पिसता है वह व्यक्ति जो केवल जीवन की आशा लेकर अस्पताल पहुँचा था। आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं की आत्मा तब तक जीवित नहीं रह सकती जब तक उसकी रीढ़ पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और सेवा न हो। री१५ी२ँ अस्पताल जैसे उदाहरण केवल व्यक्तिगत पीड़ा नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की बीमार हकीकत हैं। जब तक यह नहीं समझा जाएगा कि योजना का उद्देश्य केवल धन देना नहीं, बल्कि सम्मानजनक चिकित्सा सेवा देना है, तब तक देश का स्वास्थ्य तंत्र एक खोखली इमारत ही रहेगा – जहाँ इलाज से ज्यादा प्रार्थना काम आती है, और डॉक्टर से ज्यादा संबंध।

### इस स्थिति से निपटने के लिए निम्नलिखित उपाय आवश्यक हैं

- सभी सूचीबद्ध निजी चिकित्सालयों की नियमित और सख़्त जाँच की जाए।
- हर जिले में एक स्वतंत्र जन निगरानी समिति बनाई जाए जिसमें पत्रकार, अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हों।
- जो चिकित्सालय योजना के नाम पर नकद धन माँगता पाया जाए, उसकी तत्काल सूची से नाम काटा जाए।
- रोगी या उसके परिवार की स्वीकृति के बिना भुगतान की प्रक्रिया न हो।

# बोइंग विमान हादसा:डरावना ब्लैक थर्सडे, लील गया कई जीवन की सांसे



संजीव ठाकुर

बोइंग 787-8 ड्रीम लाइनर विमान के पायलट ने अहमदाबाद के वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से उड़ने से 15 सेकंड बाद उड़ते विमान का सबसे खतरनाक संदेश ₹ मेडे-मेडे-मेडे₹ एयर ट्रैफिक कंट्रोल अहमदाबाद एयरपोर्ट को भेजा था और तब ट्रैफिक कंट्रोल के संचालकों को यह मौका भी नहीं मिला कि वे इस फ्रांसीसी शब्द के मतलब विमान को खतरा के संकेत के बाद कोई सुरक्षा व्यवस्था कर पाते,इतनी ही देर में विमान मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में गिरकर आग का गोला बनकर तबाह हो गया और 230 यात्रियों और 12 विमान के क्रू मेंबर सहित काल के गाल में समा गये लेकिन ईश्वर की कृपा से एक यात्री रमेश विश्वास कुमार सकुशल बच गया, यह जीवित व्यक्ति खुद चलते हुए आपातकालीन रक्षक स्क्वाड के पास आया उसे तुरंत चिकित्सीय व्यवस्था करवाई गई, रमेश विश्वास कुमार भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक हैं वे अपने भाई नीरज के साथ परिवारजनों से मिलने भारत आए हुए थे पर ईश्वर की लीला देखिए रमेश विश्वास कुमार तो अब कुशल जीवित हैं पर उनके भाई अब इस दुनिया में नहीं रहे वे विमान हादसे के शिकार हो गए। इसी तरह जैसा की गुजरात के बीजेपी अध्यक्ष पाटील जी ने इस बात की पुष्टि की है कि गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी इस विमान हादसे में दिवंगत हो गए हैं वे अपनी पत्नी को लाने लंदन जा रहे थे। विमान का संचालन पायलट सुमित सभरवाल कर रहे थे जिन्हें 8200 घंटे विमान उड़ाने का दीर्घ अनुभव था साथ में को पायलट ऑफिसर लाइव सुंदर भी थे जिन्हें 1100 घंटे विमान उड़ाने का भी अनुभव प्राप्त था दोनों पायलट इस विमान हादसे में काल-कवलित हो गए। इस विमान में 169 भारतीय 53 ब्रिटिश 7 पुर्तगाली और एक कनाडा का नागरिक भी था इनमें से रमेश विश्वास कुमार के अलावा किसी को यह कल्पना भी नहीं थी कि उनकी जिंदगी की अनमोल सांसें 60 सेकंड में रुक जाएगी और वे सब सब ईश्वर को प्यारे हो जाएंगे। अहमदाबाद एयरपोर्ट का रनवे 23 एक बार फिर चर्चा में आ गया है दुर्घटना अगस्त विमान बोइंग 787 9 ड्रीम लाइनर भी रनवे 23 से उड़कर लंदन जाने वाला था पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना ने 1988 में हुए एक अन्य विमान हादसे की याद दिला दी अहमदाबाद में 1988 के बाद यह दूसरा बड़ा दर्दनाक विमान हादसा है महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों घटनाएं रनवे 23 से ही जुड़ी हुई है। 19 अक्टूबर 1988 को मुंबई से अहमदाबाद आर इंडियन एयरलाइंस का विमान इसी रनवे पर उतरने से पहले हादसे का शिकार हो गया था। इस विमान में 139 यात्री सवार थे जिनमें से 133 यात्रियों की मौत हो गई थी। गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन उड़ान भरने वाले विमान ने रनवे 23 से ही उड़ान भरी थी। 1988 की विमान दुर्घटना की जांच में पाया गया था कि विमान पायलटो की गलती के कारण 500 फीट की न्यूनतम ऊंचाई से नीचे आ गया था रिपोर्ट के अनुसार दोनों पायलटो को रनवे देखने में समस्या हुई थी और उन्होंने एयरपोर्ट के पास पहुंचने का प्रयास किया था इसके कारण वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया था 12 तारीख गुरुवार के बोइंग 787-8 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का हालांकि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय नें इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है पर यह दोनों दुर्घटनाएं रनवे 23 में ही हुई थी। पूर्व पायलट अधिकारियों ने कहा है कि बोइंग 787-8 ड्रीम लाइनर विश्व के सर्वाधिक सुरक्षित एवं सुगम यात्रा करने वाला विमान माना जाता है यह अत्यंत अत्यंत आधुनिक विमान भी था जिसकी फ्यूल कैपेसिटी 126000 लीटर एवियशन फ्यूल की थी और यह एक साथ 12 से 13 घंटे की उड़ान भरने वाला विमान जिसकी गति 900 किलोमीटर प्रति घंटे की थी का इस तरह दुर्घटनाग्रस्त होना और इसके दोनों इंजन अचानक फेल हो जाना एक असंभव सी बात नजर आती है। विमान में एक यात्री को छोड़कर 241 यात्रियों के शरीर काफी जल गए है जिंदगी पहचान करना भी एक बड़ा मुश्किल कार्य प्रशासन के सामने आ गया है इस संदर्भ में गुजरात प्रशासन के स्वास्थ्य विभाग में अपने बयान में कहा की मारे गए लोगों की पहचान के लिए डीएनए जांच कराई जाएगी। मृतकों की पहचान के लिए अहमदाबाद सिविल अस्पताल में डीएनए नमूने एकत्रित करने की व्यवस्था की जा रही जिसमें मृतकों के माता-पिता या बच्चे या उनके भाई-बहन अपने डीएनए नमूने दे सकते हैं। जिससे मृतकों की सही-सही पहचान की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि अहमदाबाद एयरपोर्ट की देखरेख का एवं संचालन का कार्य अडानी ग्रुप करता है एवं एयरलाइंस के विमान टाटा समूह संचालित करता है। इसी तारतम्य में टाटा समूह ने घोषणा की है कि सभी मृतक व्यक्तियों को मुआवजे के तौर पर एक-एक करोड रुपए प्रदान किये जाएगे।

## श्याम सुंदर साहू



### आओ सब मिलकर करें रक्तदान

कविता

रक्तदान है महादान,
इससे बड़ा नहीं है कोई दान।
रक्तदान से बचता है किसी का जान,
आओ सब मिलकर करें रक्तदान।

चाहे जवान हो या फिर हो किसान,
हर स्वस्थ व्यक्ति कर सकता है रक्तदान।
अपने रक्त से बचाए किसी का जान,
आओ सब मिलकर करें रक्तदान।।

यह मानव शरीर है नाशवान,
इस शरीर का मत करो अभिमान।
आप सबसे करते है हम आह्वान,
आओ सब मिलकर करें रक्तदान।


इससे नहीं होता कोई नुकसान,
समाज में बढ़ता है मान सम्मान।
कई बीमारियों का होता है निदान,
आओ सब मिलकर करें रक्तदान।

रक्त के बिना नहीं जी सकता इंसान,
अपने रक्त से किसी को दे जीवन दान।
रक्तदान से नहीं लगता कोई थकान,
आओ सब मिलकर करें रक्तदान।

जरूरतमंद पर थोड़ा करे एहसान,
पुण्य लाभ मिलेगा करने से रक्तदान।
बच जायेगा किसी व्यक्ति की जान,
आओ सब मिलकर करें रक्तदान।

## विश्व रक्तदाता दिवस -14 जून 2025 पर विशेष

# स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देकर उजाला बने



ललित गर्ग

किसी के जीवन में रंग भरने का, जीवन और मौत के बीच जूझ रहे लोगों को जीवन देने का और अधिक स्वास्थ्य संकट से घीरे व्यक्ति के जीवन में आशा की किरण बनने का सशक्त माध्यम है रक्तदान। दुनिया भर में अनगिनत लोगों को रक्त की अपेक्षा होती है, इसलिये रक्तदान-महादान है। रक्तदान के महत्व को उजागर करने के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर साल 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस मनाया जाता है। किसी व्यक्ति के जीवन में रक्तदान के महत्व को समझाने के साथ ही रक्तदान करने के लिये आम इंसान को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिये यह दिवस मनाया जाता है। इंसान की सम्पत्ति का कोई मतलब नहीं अगर उसे बांटा और उपयोग में नहीं लाया जाए, चाहे वे शरीर का रक्त ही क्यों न हो। किसी व्यक्ति की रक्तअल्पता के कारण मृत्यु न हो, इस दृष्टि से रक्तदान एक महा-दान है, जो किसी को जीवन-दान देने के साथ हमें स्वर्ग-पथ की ओर अग्रसर करता है। ऐसा दानदाता समाज, सृष्टि एवं परमेश्वर के प्रति अपना कर्त्तव्य पालन करता है। रक्तदाता कोई भी हो सकता है, जिसका रक्त किसी अत्यधिक जरुरतमंद मरीज को दिया जा सकता है। किसी के द्वारा दिये गये रक्त से किसी को नया जीवन मिल सकता है, उसकी जिन्दगी में बहार आ जाती है। इस वर्ष इस दिवस की थीम है रक्त दें, आशा दें- साथ मिलकर हम जीवन बचाते हैं। यह थीम रक्तदाताओं के जीवन-परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डालती है, समुदाय और एकता का सम्मान करती है, तथा नए और नियमित रक्तदाताओं दोनों को जीवन बचाने में मदद करने के लिए प्रेरित करती है।



दरअसल विश्व रक्तदान दिवस, शरीर विज्ञान में नोबल पुरस्कार प्राप्त कर चुके वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन की याद में पूरे विश्व में मनाया जाता है, उनका जन्म 14 जून 1868 को हुआ था। उन्होंने मानव रक्त में उपस्थित एग्ल्युटिनिन की मौजूदगी के आधार पर रक्तकणों का ए, बी और ओ समूह की पहचान की थी। रक्त के इस वर्गीकरण ने चिकित्सा विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी खोज के लिए महान वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन को साल 1930 में नोबल पुरस्कार दिया गया था। उनकी इसी खोज से आज करोड़ों से ज्यादा लोग रक्तदान रोजाना करते हैं और इसी के कारण लाखों की जिंदगियां बचाई जाती हैं, जिससे रक्त प्राप्त करने वाले व्यक्ति को एक नयी जिंदगी और उनके परिवारों के चेहरे पर एक प्राकृतिक मुस्कुराहट देता है। रक्तदान का महत्व न केवल उन हजारों लोगों के जीवन को बचाना है जो रक्त की कमी या अभाव के कारण जीवन एवं मृत्यु के बीच संघर्षरत हैं, बल्कि विभिन्न बीमारियों से प्रभावित कई अन्य लोगों के जीवन को बचाना और उन्हें अनेक बीमारियों से लड़ने में मदद करना भी है। कल्पना कीजिए कि यह जानकर कैसा महसूस होगा कि आपने किसी की जान बचाई है। आपकी वजह से, कोई व्यक्ति अब अपने परिवार के साथ रह रहा है, पढ़ाई कर रहा है और दुनिया में मौजूद है। यह दिन चुनौतियों को स्वीकार करता है और सुरक्षित रक्त दान को सार्वभौमिक रूप से सुलभ बनाने की दिशा में प्रगति को गति देता है। इस दिवस को मनाने का एक और महत्वपूर्ण कारण स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देना है। जो यह सुनिश्चित करता है कि दुनिया को सबसे ज्यादा जरूरत पड़ने पर सुरक्षित रक्त मिल सके। यह भी देखा गया है कि जब लोगों ने अपना रक्तदान किया है, तो उन्हें कई स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुए हैं। रक्तदान करने वाले ज्यादातर लोग अपनी बीमारियों से जल्दी ठीक हो जाते हैं और लंबी उम्र जीते हैं, यह वजन घटाने, स्वस्थ लीवर और आयरन के स्तर को बनाए रखने, दिल के दौरे और कैंसर के जोखिम को कम करने में भी मदद करता है। इस अभियान का उद्देश्य सुरक्षित रक्त और प्लाज्मा दान की निरंतर आवश्यकता के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना, दानकताओं के सकारात्मक प्रभाव पर जोर देना, तथा राष्ट्रीय रक्त कार्यक्रमों में निवेश करने और उन्हें बनाए रखने के लिए सरकारों और विकास भागीदारों से समर्थन जुटाना है। भारत विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के बावजूद रक्तदान में काफी पीछे है। रक्त की कमी को खत्म करने के लिए विश्व भर में रक्तदान दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के तहत भारत में सालाना एक करोड़ यूनिट रक्त की जरूरत है लेकिन उपलब्ध 75 लाख यूनिट ही हो पाता है। यानी करीब 25 लाख यूनिट रक्त के अभाव में हर साल हजारों मरीज दम तोड़ देते हैं। यह अकारण नहीं कि भारत की आबादी भले ही डेढ़ अरब पहुंच गयी हो, रक्तदाताओं का आंकड़ा कुल आबादी का एक प्रतिशत भी नहीं पहुंच पाया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# पत्रकार अशरफ अली को अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति में जिला महासचिव पद पर मनोनीत किया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला रमपुरा निवासी अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद के निवास स्थान पर संगठन की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें वक्ताओं ने आगामी 18 जून दिन रविवार को कुशीनगर में संगठन की ओर से होने वाले पत्रकार मिलन समारोह एवं पत्रकार सुरक्षा कानून संगोष्ठी कार्यक्रम को लेकर चर्चा की।जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद ने सभी से कुशीनगर कार्यक्रम में पहुचने का आह्वान किया। बैठक में जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद ने प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह की संतुति पर कस्बा जलालाबाद निवासी वरिष्ठ पत्रकार अशरफ अली को अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति में जिला महासचिव बिजनौर के पद पर मनोनीत किया। जिला अध्यक्ष ने उनसे आशा की है कि वह संगठन की नीतियों को मजबूत करते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून के आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद, वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर आफताब नोमानी, शहजाद नोमानी, अफजाल अंसारी, अल्ताफ रजा, अब्दुल रहमान अल्वी भूरे, आफताब आलम, डॉक्टर वसीम बारी, जुनैद अंसारी, शाही अराफात सैफी, रिहान अंसारी आदि ने जिला महासचिव बनने पर अशरफ अली का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। अशरफ अली ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है वह उसको निभाने की पूरी कोशिश करेंगे।

## तेजी से चलाया जायेगा अभियान : हाशिम अहमद

**नजीबाबाद/बिजनौर।** अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के बिजनौर जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद ने बताया कि संगठन द्वारा लड़ी जा रही पत्रकार सुरक्षा कानून की लड़ाई को ओर मजबूती से लड़ने और संगठन को मजबूती के लिए संगठन की ओर से अब नगीना और धामपुर, चांदपुर तथा बिजनौर तहसील से एक-एक जिला महासचिव मनोनीत किया जाएगा, जो अपनी तहसील स्तर पर कमेटियों से समन्वय स्थापित कर पत्रकार सुरक्षा कानून व संगठन को मजबूती प्रदान करने में सहयोग प्रदान करेंगे। जिला स्तर पर कुल चार जिला महासचिव नियुक्त किए जाने हैं। उन्होंने बताया कि जिले भर में नगर स्तर पर कमेटियों का पुनर्गठन किया जाएगा और संगठन को मजबूत किया जायेगा। 18 जून को कुशीनगर में सम्मेलन के बाद जिले स्तर पर संगठन को मजबूत करने और संगठन से सक्रिय पत्रकारों को जोड़ने के लिए तेजी से अभियान चलाया जाएगा।

# नर्स के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने युवती से दुष्कर्म के अपराध में फरार चल रहे अपराधी हाशिम अंसारी पुत्र असगर हुसैन निवासी मौ० रामनगर लाईफकेयर हॉस्पिटल कस्बा व थाना नूरपुर को उसके आवास से गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के एक ग्राम की युवती मुरादाबाद रोड़ पर मौ० रामनगर स्थित लाईफ केयर अस्पताल में नर्स का काम करती है। युवती ने तहरीर में बताया कि हाशिम अंसारी पुत्र असगर हुसैन निवासी मौ० रामनगर लाईफकेयर हॉस्पिटल कस्बा व थाना नूरपुर ने अस्पताल के ऊपर बने कमरे में ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया तथा गाली गलौच एवं जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मुकदमे का नामजद वांछित अभियुक्त हाशिम अंसारी को उसके आवास से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक में बताया कि आरोपी का सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चालान करने की पुष्टि की है गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राजेन्द्र राणा, हेड कांस्टेबल सतीश कुमार एवं मनोज कुमार शामिल रहे।

# ओ लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन 14 जून से शुरू

**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जीशान मलिक ने बताया कि ओ लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन 14 जून, 2025 से प्रारम्भ हो रहे हैं।

उन्होंने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 14 जुलाई, 2025 निर्धारित की गयी है।अन्य पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियां जिनकी शैक्षिक योग्यता न्यूनतम इण्टरमीडिएट हो तथा जिनके अभिभावक की ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र दोनों में समान रूप से वार्षिक आय 1.00 लाख रुपये तक है, आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने पात्रता के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षणार्थी की आयु 35 से अधिक न हो, प्रशिक्षणार्थी बेरोजगार हो एवं किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति प्राप्त न कर रहा हो तथा प्रशिक्षणार्थी किसी भी शिक्षण संस्थान में संस्थागत छात्र के रूप में अध्ययनरत न हो को ओ-लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण जिसकी अवधि 01 वर्ष तथा सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण जिसकी अवधि 03 माह की होगी। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि सम्बन्धित प्रशिक्षणार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट प्राप्त करके उस पर पासपोर्ट साईज का फोटो चस्पा कर अपना हस्ताक्षर कर, अपने अभिलेखों जैसेः (जाति, आय प्रमाण पत्र बोर्ड ऑफ रेवेन्यू/ई-डिस्ट्रिक्ट की वेबसाइट पर होना) हाईस्कूल अंक पत्र, प्रमाण पत्र, इण्टर अंक पत्र तथा प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति सहित हार्डकॉपी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय विकास भवन कमरा नं0-44 में निर्धारित अन्तिम तिथि 14 जुलाई, 2025 की सायं 5:00 बजे तक जमा करना अनिवार्य होगा।

14 जुलाई के पश्चात आवेदन पत्र की हार्डकॉपी को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

# बिजली विभाग की टीम ने विजिलेंस पुलिस बल के साथ मॉर्निंग में ग्राम घोगरेकी ननेहडा गाजी बैरी जमा में चलाया सघन चेकिंग अभियान



**वेलकम इंडिया**

**सहारनपुर/ गागलहेडी(राजीव चौधरी गुर्जर )**बिजली विभाग ने विजिलेंस टीम के साथ छापेमारी कर बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं के कांटे कनेक्शन। बिजली विभाग ने बिजली उपभोक्ताओं के विधुत कनेक्शनों को चेक किया। बिजली विभाग ने विधुत चोरी व बकायादारों व बिल जमा ना करने वालो के विरुद्ध चलाया विशेष चेकिंग अभियान। एसडीओ अंकित त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया काफी समय से इन गांव में हो रही थी ओवरलोड की शिकायत उप खंण्ड अधिकारी अंकित त्यागी कैलाशपुर के कुशल नेतृत्व में बिजली विभाग व विजिलेंस टीम के साथ गांव में एक साथ मिलकर छापामारी की कई घंटे चले इस अभियान के दौरान उपभोक्ताओं को मीटर से अलग केबिल डाल कर विद्युत चोरी करते पकड़े गए लोगों के विरुद्ध विभाग द्वारा कानूनी कार्यवाही की जा रही है।इस दौरान बकायेदारों को समय पर बिजली का बिल जमा करने को कहा गया। चैकिंग के दौरान कैलाशपुर उपखण्ड अधिकारी अंकित त्यागी व अवर अभिमत्ता सुनील कुमार व अवर अभियंता सूर्यभान प्रजापति एवम ,विजिलेंस पुलिस बल विनित कुमार व कोकी आशीष कुमार एवं संविदाकर्मी व लाइनमैन स्टाफ मौजूद रहा।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन रामपुर में किया शुक्रवार परेड का निरीक्षण

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



रामपुर पुलिस अधीक्षक, रामपुर श्री विद्यासागर मिश्र द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद कर्मचारीगणों का टर्नआउट आदि चैक कर रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रुम (लाइब्रेरी), पुलिस म्यूजियम, कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, गैस कार्यालय, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आगामी आरटीसी की तैयारियों आदि का निरीक्षण कर पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चैक कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी टाण्डा/लाइन एंव क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षणाधीन भी मौजूद रहे।

# सोती हुई महिला के कानों से बदमाशों ने कुंडल खींचे



**जनपद बिजनौर किरतपुर।** क्षेत्र के गांव खेड़ी भोजपुर में अज्ञात बदमाशों द्वारा मध्य रात्रि में सोई हुई महिला के कानों से सोने के कुंडल छीनने का मामला प्रकाश में आया है। महिला द्वारा शोर मचाने पर बदमाश भाग निकले। वहीं रात्रि में हुई घटना से महिला का परिवार दहशत में है। महिला के पति द्वारा अज्ञात के खिलाफ कुंडल खींचने की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। गुरुवार की रात्रि गांव खेड़ी भोजपुर निवासी नवाब हुसैन पुत्र एहबाब हुसैन अपने घर के आंगन में खुले आसमान के नीचे चारपाई बिछाकर सो रहे थे।


# वरिष्ठ पत्रकार संजय त्यागी के पिता का निधन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर :** जनपद बिजनौर के हल्दौर थाना क्षेत्र के ग्राम पैजनिया निवासी एवं जिला प्रभारी रहे वरिष्ठ पत्रकार संजय त्यागी के पिताजी राजवीर सिंह का 93 वर्ष की उम्र में लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। संजय त्यागी के पिता राजवीर सिंह त्यागी को कुछ माह पहले ब्रेन हेमरेज हुआ था उम्र अधिक होने की वजह से एम्स के डॉक्टरों ने उन्हें लाइलाज कहकर घर पर ही सेवा करने को बोल दिया था जिससे बीमारी के चलते राजवीर सिंह त्यागी का घर पर ही निधन हो गया।जो जिला क्राइम प्रभारी अपित त्यागी के दादा थे।



# संदिग्ध परिस्थितियों में राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत



**वेलकम इंडिया**

**सोहावल -अयोध्या** रौनाही थाना क्षेत्र के महोली मजरे गुलालपुर गाँव के निवासी नरेंद्र पांडे के उड़द के खेत में आज सुबह महिला उड़द तोड़ रही थी तभी इस खेतमें अचानक एक मोर गिरा फड़फड़ाया और फिर मौत हो गई जिसकी सूचना वन विभाग के फारेस्टर मिश्रीलाल को गांव के जागरूक नागरिक रामकलाप पांडे ने दी , सूचना के लगभग 2 घंटेबाद वन विभाग का एक कर्मचारी पहुंचा तथा मोर को बोरा में रखकर रस्सी से बांधकर मोटरसाइकिल से ले गया, इस बारे में वन क्षेत्र अधिकारी रत्नेंद्र त्रिगुणायत ने बताया की कर्मचारियों ने यदि ऐसा किया है तो गलत किया है उसको लाल कपड़े में मोर की लाश रखकर पोस्टमार्टम के लिए ले जाना था, उन्होंने बताया की राष्ट्रीय पक्षी का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है उसके बाद उसका विधवक दाह संस्कार किया जाएगा।

# पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा किया गया पुलिस बल एवं चयनित अभ्यर्थियों को ब्रीफ



**वेलकम इंडिया**

रामपुर पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स, रामपुर में जनपद रामपुर से आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 के अन्तर्गत चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्राप्त करने हेतु लखनऊ जाने वाले चयनित अभ्यर्थियों एवं पुलिस बल को ब्रीफ किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये ।

# सभासद पति जुनैद कुरैशी के आवास पर ईदमिलन कार्यक्रम किया आयोजित



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर नगीना।** नगर में ईद उल अजहा का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया।जुनैद कुरैशी सभासद पति व पप्पू कुरैशी (पूर्व सभासद)के निवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुस्लिम समुदायों के तमाम लोग शामिल हुए। मोहल्ला पटेरी के सभासद पति जुनैद कुरैशी पुत्र पप्पू कुरैशी (पूर्व सभासद)के आवास पर हुए ईद मिलन कार्यक्रम मे शेख शाहनवाज खलील जिला अध्यक्ष चेयरमैन संघ बिजनौर का शानदार ढ़ोल नगाड़े, ताज,फूल मालाओ, गजरौ के नोटों से हुआ शानदार स्वागत शेख शाहनवाज खलील ने पप्पू कुरैशी पूर्व सभासद व जुनैद कुरैशी सभासद पति का दिल की गहराइयो से शुक्रीया अदा किया आपने मुझे जो यें बुलाकर आज सम्मान दिया मे इसका तहे दिल से शुक्रीया अदा करता हूं शेख शाहनवाज खलील ने कहा कि कुरबानी अल्लाह को बहुत प्यारी है। इसलिये तीन दिनों का यह त्योहार बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता हैं ।इस अवसर पर आयोजित बकरा ईद मिलन समारोह में तमाम लोग शामिल हुए ।इस अवसर पर ईदुल अजहा पर बनने वाले विशेष पकवानों का भी प्रबंध किया गया था। इस मोके पर रईस कुरैशी,सय्यद जुबैर जैदी,वकील कुरैशी, जहीर पहलवान,शानू मलिक,मोहम्मद अहमद,तालिब राइन,मकसूद उस्मानी, संजीव दत्त शर्मा उर्फ गोपाल,उस्मान जैदी,आमिर शबाहत,इकबाल कुरैशी,बाबु भाई, शमशाद अहमद, सिद्दीक मुल्तानी, शेख जमशेद,अमर नासीर, अंजार सैफी,नईम अख्तर, शेख खुर्शीद ठेकेदार, नईम एडवोकेट आदि शहर के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। जुनैद कुरैशी सभासद पति ने प्रोग्राम मे आये सभी लोगो का शुक्रीया अदा किया।

# दबंगों ने किया जानलेवा हमला पीड़ित ने मुश्किल से बचाई जान

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर नगीना।** गांव के आधा दर्जन दबंगों ने किया जानलेवा हमला पीड़ित ने मुश्किल से बचाई जान रात को फिर पीड़ित के घर पर दबंग का हमला पीड़ित ने थाना प्रभारी नगीना को संबोधित प्रार्थना पत्र माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर लगाई न्याय की गुहार

मोहम्मद अजीम निवासी ग्राम कजीपुर इम्मा थाना नगीना जिला बिजनौर ने अपने प्रार्थना पत्र में कहा है अरशद अयूब साजिद जेड आसिम कासिम शोएब गांव के दबंग खानदान के लड़के हैं जो आए दिन गुंडागर्दी करते हैं बाहर काम करते हैं पैसे का बहुत घमंड है और उसके परिवार से जाति रंजिश रखते हैं 12 जून 2025 को गांव की एक बारात ग्राम हुसैनपुर तीर कर आई थी जहां पर दोपहर के लगभग 2:30 बजे पीड़ित के भाई नदीम के पैर के ऊपर फोर व्हीलर का पहिया उतार दिया आरोपियों ने फोर व्हीलर वालों को निकाल दिया और जब इस बात पर चर्चा हुई तो सभी ने एक राय होकर गंदी-गंदी मां बहन की गालियां देते हुए मोहम्मद नदीम मोहम्मद अजीम को बुरी तरह मारना पीटना शुरू कर दिया जिसकी एक वीडियो भी वायरल हुई है किसी तरह दोनों भाइयों ने अपनी जान बचाई अजीम के भतीजे फैसल ने मोबाइल से पुलिस को सूचना देनी चाहिए तो उसका मोबाइल छीन कर तोड़ दिया गया किसी तरह अजीम व नाजिम की जान बची वह रिपोर्ट थाना किरतपुर करने जा रहे थे उन्हें आरोपियों ने पहले ही घेर लिया तब वह अपनी जान बचाकर भागे इसी दिनांक की रात्रि 10:00 बजे मुलजिमान उपरोक्त ने फिर अजीम के घर पर हमला कर दिया मारपीट की उसकी पत्नी के साथ बदतमीजी की और धमकी देकर गए की जिंदा नहीं छोड़ेंगे जान से मार देंगे हमारे पास पैसे की कमी नहीं है अजीम ने आरोपियों से अपनी वह अपने परिवार की जान को खतरा बताते हुए मान्य मुख्यमंत्री से गुहार लगाई की थाना नगीना में उनकी रिपोर्ट दर्ज करा कर आरोपियों को जेल भेजा जाए उनके परिवार को सुरक्षा दिलाई जाए



# भारत सेवक समाज ने बेसिक विद्यालयों की छुट्टी बढ़ाने की मांग की

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** भारत सेवक समाज के बैनर तले आयोजित मासिक मीटिंग में राजेंद्र नगर स्थित कार्यालय पर बढ़ते हुए तापमान पर चिंता व्यक्त करते हुए बेसिक के विद्यालयों में 30 जून तक अवकाश करने की मांग की गई, इस अवसर पर एक मांग पत्र मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को भी प्रेषित करते हुए कहा गया कि 40 डिग्री से ऊपर तापमान हो चुका है स्वास्थ्य से संबंधित जानकार लोगों का मानना है कि भीषण गर्मी में निकलने से स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है इसलिए 30 जून तक विद्यालय में अवकाश किया जाए। वैसे भी बच्चों को गर्मियों की छुट्टियों में समर कैंप आना पड़ा था, विद्यालय खोले गए थे 30 जून तक छुट्टी बढ़ाने से न केवल बच्चों के स्वास्थ्य को बल्कि शिक्षकों के स्वास्थ्य को भी गर्मी से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाया जा सकेगा। ऐसी चिकित्सकों की सलाह भी है। इस मांग को करने वालों में भारत सेवक समाज के जिला अध्यक्ष कृष्ण स्वरूप सक्सेना, महामंत्री राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार राकेश मिश्रा अनिल कुमार यादव राज्य पुरस्कार शिक्षक एवं प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष डॉ सुरेश बाबू रस्तोगी आईडी उपाध्याय अनुज सक्सेना डॉ रवि रस्तोगी तेजपाल प्रमोद सीमा गंगवार राहुल आदि शामिल रहे। मीटिंग के अंत में अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना को लेकर सभी ने दुख व्यक्त किया एवं ईश्वर से प्रार्थना की कि मृत आत्मा को शांति मिले। मीटिंग का संचालन राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित शिक्षक लाल बहादुर गंगवार ने किया।



# पुलिस अधीक्षक,ने किया थाना काण्डा व पुलिस लाइन में निमार्णाधीन कार्यो का निरीक्षण



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,** पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोडके द्वारा थाना काण्डा व पुलिस लाइन में प्रचलित निमार्णाधीन भवन के प्रचलित कार्य की वर्तमान स्थिति एवं गुणवत्ता निरीक्षण हेतु स्थलीय निरीक्षण किया गया साथ ही कार्य कर रहे सम्बन्धितों को भवन निर्माण में प्रयुक्त हो रही सामग्री आदि की गुणवत्ता की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य को स्वीकृत नक्शे के अनुसार उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री से पूर्ण कराने के ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।एसपी ने सम्बन्धित ठेकेदार और कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य मे लापरवाही बरतने और मानकानुसार निर्माण कार्य नही कराने पर उचित कार्रवाई करने की चेतावनी दी ।साथ ही विभागीय अधिकारी से निर्माण कार्य की प्रोजेक्ट रिपोर्ट की जानकारी ली।

# सेल्फ डिफेंस कैंप में सिखाये गए ताइक्वांडो के विभिन्न कौशल



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश द्वारा लुईस ली पार्कर हाईस्कूल में लगाये जा रहे 15 दिवसीय सेल्फ डिफेंस कैंप के चतुर्थ दिन अरविन्द अहलावत व अशोक त्यागी द्वारा संयुक्त रूप से वार्म अप कराया गया ताइक्वांडो के विभिन्न कौशल पंच करना, बैक पंच , प्रिन्ट फुट बैंक फुट आदि का अभ्यास अंकुर चौधरी ब्लैक बेल्ट फोरडान, कुमारी राशि ,अतिक्षा सिंह, व विनय चौधरी द्वारा कराया गया। कैम्प में शहर के बालक व बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। विवेकानन्द दिव्य भारती के अध्यक्ष द्वारा आज के समय आत्म रक्षा की महत्ता व आवश्यकता के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर विनय कुमार तितोरिया, कुंवर देव, एडवोकेट रामेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बैजनाथ व डंगोली के ग्रामीणों ने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**



**गरुड़ ।** जिले में नए बारों को स्वीकृति देने के बाद अब लोगों में आक्रोश जगने लगा है ।लोगों ने विरोध के बाद भी पूर्व में सरकार के नए बारों की स्वीकृति नही देने के आदेश के बाद अब फिर से कुछ बारों को स्वीकृति देने के बाद लोगों में रोष है ।बैजनाथ व डंगोली के ग्रामीणों ने शुक्रवार को तहसीलदार निशा रानी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों का कहना है कि हेलीपैड के समीप बीयर बार खुलने की सूचना से ग्रामीण आक्रोशित है। कहा कि प्रसिद्ध कोट भ्रामरी मंदिर को जाने वाले एकमात्र मोटरमार्ग किनारे पूर्व से बीयर बार संचालित हो रहे है। अब नए बीयर बार की अनुमति देने से क्षेत्र में अराजकता बढ़ेगी। कहा कि जिस स्थान पर बीयर बार खोलने की तैयारी की जा रही है वह क्षेत्र कृषि भूमि से घिरा हुआ है। बार खुलने के बाद शराबियों के आतंक से महिलाओं का कृषि कार्य करना मुश्किल हो जाएगा। वहां से आवाजाही करने वाले स्कूली बच्चों पर गलत प्रभाव पड़ेगा ।वही गरुड़ में भी बार को स्वीकृति मिलने के बाद कुछ लोगों ने रोष है ।वही अब लोगों ने इसे आबकारी के संरक्षण से बार के नाम पर शराब की विक्री करने और शराब के चलन को बढ़ाने के आरोप भी लगाए हैं ।लोगों ने खुलेआम बारों में शराब की विक्री किए जाने से युवाओं में नशे की लत घटने के बजाय नशे के दलदल में फंसकर उनकी जिंदगी बर्बाद करने के भी आरोप लगाए हैं ।लोगों ने कहा कि शराब माफिया खुलेआम शराब की विक्री करते हैं नियमों को ताक में रखकर शराब की कालाबाजारी करते हैं ऐसे में आबकारी, पुलिस और जिला प्रशासन की भी जिम्मेदारी बनती है पर अवैध शराब पकड़ने के नाम पर केवल छोटे दुकानदार ही पकड़े जाते हैं जबकि उन्हें शराब की तश्करी करने वालों पर कोई नकेल नही कसी जाती है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से मामले में हस्तक्षेप कर बीयर बार की अनुमति नही देने की मांग की है ।इस दौरान पुष्पा देवी, पूरन सिंह,नंदी देवी, प्रेमा देवी,रजनी देवी, महेंद्र सिंह,कमला देवीसहित दर्जनों महिलाएं और ग्रामीण मौजूद थे।

# पुलिस लाइन में दो दिवसीय योग शिविर में पुलिस कर्मियों को सिखाए गए योगासन



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व कार्यक्रमों की श्रंखला के अंतर्गत जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ निष्ठा शर्मा कोहली के निर्देशन में आयुर्वेद विभाग के द्वारा पुलिस लाइन में पुलिस के जवानों हेतु दो दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। भगवान धन्वंतरि के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून उत्तराखंड के निदेशक डॉ सौरभ तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक अजय शाह, प्रतिसार निरीक्षक पीएस नेगी, पुलिस निरीक्षकटी आर बगरेठा, एसओजी प्रभारी सलाउद्दीन, जिले के विभिन्न थानों से आए हुए पुलिस उप निरीक्षक, पुलिस के जवान तथा आयुर्वेद विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में योगगुरु केवलानंद जोशी द्वारा योग सत्र का संचालन किया गया। कार्यक्रम के अंत में भारतीय मानक ब्यूरो के निदेशक डॉ सौरभ तिवारी ने मानकीकरण, गुणवत्ता संवर्धन एवं उपभोक्ता जागरूकता के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

# योग एवं आयुर्वेद विषय पर सेमिनार व स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया

**वेलकम इंडिया**



**झांसी ।** बुन्देलखण्ड राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं चिकित्सालय में श्योग एवं आयुर्वेद ज्ञान एवं अनुभव का संगम विषय पर सेमिनार एवं स्वच्छता कार्यक्रम कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ राम कृष्ण राठौर के निर्देशन में आयोजित किया गया। भगवान धनवन्तरी की वन्दना के साथ द्वीप प्रज्वलन किया गया। तत्पश्चात भगवान धनवन्तरि को पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। सेमिनार में योग प्रशिक्षक रमेश चन्द्र कुशवाहा ने महर्षि पतंजलि द्वारा वर्णित उनके अष्टांग योग पर प्रकाश डालते हुये, जीवन को निरोग एवं पुणार्यु बनाने के लिए आयुर्वेद की महत्ता को रेखांकित किया। तत्पश्चात डा० आलोक सिंह सेंगर ने विद्यार्थी जीवन में योग को अपनाये जाने पर बल दिया। डा० सीमा वर्मा ने भी जीवन में ध्यान से जुड़ने की बात कही। डॉ राधिका पचौरी ने भी योग के साथ आहार शुद्धि दिनचर्या को जीवन के लिए आवश्यक बतलाया। डॉ पवन विश्वकर्मा ने बच्चों में योग की उपयोगिता बताते हुये बालको को व्यायाम के साथ-ताडासन, वृक्षासन, प्राणायाम, बज्रासन करने की सलाह दी। समिनार का संचालन डॉ मदन मोहन झां ने किया। अपने उद्बोधन में उन्होने योग से कुण्डलिनी शक्ति जागरण कर हम अपने को पूर्णत्व तक ले जा सकते है की बात कही। सेमिनार में शिक्षक, छात्र-छात्राएँ एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

# शाहजहांपुर के चेयरमैन की जमानत याचिका खारिज

**वेलकम इंडिया**

**मेरठ :** शाहजहांपुर के चेयरमैन व उसके एक भाई की जमानत याचिका पर मेरठ कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया है ।बताया जा रहा है कि कोर्ट ने चेयरमैन व उसके भाई रजि की जमानत याचिका खारिज कर दी है। बता दें कि 2016 मे प्राण घातक हमले के आरोप मे वसी उर्र रहमान व उसके चार भाइयों सहित10 लोगों पर वादी पक्ष की तरफ से थाना किठौर पर आईपीसी की धारा 307, 325, सहित कई अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में वसी उर्र रहमान के 2 भाई हिफजू रहमान तथा शहजर खान व 4 अन्य लोगों को पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद जेल भेज दिया था। मामले में छे माह से अधिक जेल में बिताने के बाद उपरोक्त लोग इलाहबाद हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से रिहा हुए थे तभी से कोर्ट मे केस विचाराधीन है ।2016 से अब तक कोर्ट से 22 बार चेयरमैन व उसके 2 अन्य भाइयों के गैर जमानती वारंट जारी किये जा चुके हैं,लेकिन इसके बावजूद आरोपियों का पुलिस से आंख मिचोली खेलना और गिरफ़्तारी ना होना संदेहास्पद हैं ।ऐसे में आरोपियों का 9 वर्ष तक पुलिस की पकड़ से दूर रहना भी पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है ।हेरत अंगेज बात यह कि वसी उर्र रहमान ने कोर्ट से गिरफ़्तारी स्टे लिये बगैर वर्ष 2023 में नगर पंचायत शाहजहांपुर का चुनाव भी जीता तथा नगर पंचायत कार्यालय में बोर्ड बैठक से लेकर अन्य सरकारी काम को भी बेखौफ होकर अंजाम देते आ रहे हैं ।सवाल उठता है कि 22 बार एनबीडब्लू जारी होने के बाद भी कम्युनिटी पुलिसिंग का दम भरने वाली किठौर पुलिस के आगे न्यायालय के आदेश भी बोने बनकर रह गये हैं ।चेयरमैन वसी ने पुनः 29 मई 2025 को अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरठ न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश( ए सी )कोर्ट संख्या 2 के समक्ष जमानत याचिका दायर की, जिसे लेकर कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई थी ।लेकिन अभियोजन पक्ष अधिवक्ता की दलिलों को सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। ऐसे में चेयरमैन व उसके दो भाइयो की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लेकिन पुलिस अनजान बनी हुई है या यूँ कहें कि सेटिंग का खेल चल रहा है, इतना ही नहीं नवंबर 2024 को दूसरा मामला चेयरमैन व उसके भाइयों के विरुद्ध पत्रकार को धमकाना घर में घुसकर मारपीट करना आदि की धाराओं मे दर्ज हुआ है फिर भी पुलिस उसको गिरफ्तार नहीं कर पाई इससे स्पष्ट है कि आरोपी चेयरमैन सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के अपराधियों के विरुद्ध सख्त इरादों को ठेंगा दिखाकर जराइम की दुनिया का 'बेताज बादशाह' बनकर बे खौफ होकर अपना दबदबा स्थापित करना चाह रहा है। दिनांक 22 मई 2025 को मेरठ की एसीजे जेडी कोर्ट संख्या दो ने गैर जमानती वारंट जारी कर आरोपी वसी चेयरमैन, रजि, मुत्तालिब, को 13 जून तक गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश करने के निर्देश पुलिस को दिए थे, इसके उपरान्त रानी अहिल्याबाई की जयंती के अवसर पर क्षेत्रीय नेताओं के साथ नगर पंचायत कार्यालय में उपस्थित चेयरमैन वसी के फोटो नगर पंचायत कार्यालय के फेसबुक पेज से लोकेशन के साथ बीती 29 मई को साझा करके कानून व्यवस्था का मखोल उड़ाया गया।

# त्रिस्तरीय पंचायतों के लिए आरक्षण का अंतिम प्रकासन तैयार

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,** त्रिस्तरीय पंचायतों के स्थानों एवं पदों यथा सदस्य ग्राम पंचायत, प्रधान ग्राम पंचायत, सदस्य क्षेत्र पंचायत, सदस्य जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत प्रमुख का आरक्षण तैयार कर जन सामान्य के लिए अनन्तिम प्रकाशन दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट आशीष भटगाई ने बताया कि भारत के सविधान के निर्धारित अनुच्छेद के अन्तर्गत प्रदत्त व्यवस्था के अधीन तथा उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम, 2016 एवं उत्तराखण्ड पंचायतीराज (संशोधन) अध्यादेश, 2025 की विभिन्न धारा तथा उत्तराखण्ड ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत (स्थानों व पदों का आरक्षण और आवंटन) नियमावली 2025 में विहित व्यवस्था एवं प्रक्रिया के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायतों के स्थानों एवं पदों यथा सदस्य ग्राम पंचायत, प्रधान ग्राम पंचायत, सदस्य क्षेत्र पंचायत, सदस्य जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत प्रमुख का आरक्षण तैयार कर जन सामान्य के लिए दिनांक 13 जून को अनन्तिम प्रकाशन किया गया है। जो सम्बन्धित ग्राम पंचायतों व समस्त विकास खण्डों/तहसीलों, जिला पंचायत कार्यालय, जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय व जिलाधिकारी कार्यालय के सूचना पटों पर चस्पा दी गई है। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे 14 एवं 15 जून को अपनी लिखित आपत्ति सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय या जिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। इसके उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा। सदस्य जिला पंचायत, सदस्य क्षेत्र पंचायत, क्षेत्र पंचायत प्रमुख, प्रधान ग्राम पंचायत, सदस्य ग्राम पंचायत के पदों की आपत्तियों की सुनवाई 17 जून को कलक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से की जायेगी।

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने की जनसुनवाई, 16 महिलाओं की फरियाद सुनी

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने शुक्रवार को प्रतापगढ़ जनपद का दौरा किया। इस दौरान उन्होने जिला महिला अस्पताल व वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा विकास भवन सभागार में महिला पीड़िताओं की जनसुनवाई की। महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं व मिलने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में महिला मरीजों से जानकारी प्राप्त की। उन्होने जिला महिला चिकित्सालय में सर्जिकल वार्ड, एसएनसीयू वार्ड, प्रसव कक्ष, उपस्थिति पंजिका आदि का निरीक्षण किया गया। उन्होने कहा कि ज्यादा से ज्यादा अल्ट्रासाउण्ड अस्पताल में कराये जाये। निरीक्षण के दौरान बाथरूम गन्दा पाये जाने पर उपाध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की और सीएमएस को निर्देशित किया कि महिला अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था को बेहतर किया जाये, इसमें लापरवाही कदापि न बरती जाये। इस दौरान उन्होने वार्ड में भर्ती मरीजों से वार्ता की और मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होने सीएमएस रीना प्रसाद को निर्देशित किया कि मरीजों की समुचित देखभाल की जाये और सरकार द्वारा जो भी सुविधायें दी जा रही है उसका लाभ महिलाओं को दिया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये। जिला महिला चिकित्सालय में दिखी कमियों को दूर करने का निर्देश सीएमएस को दिया। महिला जनसुनवाई के दौरान विकास भवन सभागार में कुल 16 प्रकरण सामने आये जिनमें घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, आवास से जुड़े मामले, जमीनी विवाद, आर्थिक सहायता आदि के प्रकरण प्रस्तुत हुये। जनसुनवाई के दौरान कुछ प्रकरणों में यह तथ्य सामने आया कि थानो में शिकायतों को सुनने में हीला-हवाली की जाती है, बेवजह परेशान किया जाता है जिस पर राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने सीओ सिटी को निर्देशित किया कि थानो में जो भी महिलायें जाये उनकी शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनी जाये और शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर यथाशीघ्र शिकायत का निस्तारण कराया जाये। उन्होने सभी मामलों को गम्भीरता से लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि महिलाओं से जुड़ी शिकायतों में अधिकारियों को विशेष संवेदनशीलता बरतनी चाहिये, ताकि महिलायें बिना भय या झिझक अपनी समस्यायें सामने रख सके। उन्होने यह भी कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिये प्रशासन की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया और किसी भी प्रकार की हिंसा या अन्याय की स्थिति में राज्य महिला आयोग से संपर्क करने की सलाह दी गई। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने विकास भवन सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली और निर्देशित किया कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं से महिलाओं व बेटियो को लाभान्वित कराया जाये। महिलाओं व दिव्यांगों का प्राथमिकता दी जाये। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, सीओ सिटी शिव नारायन वैश, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी राम बाबू विश्वकर्मा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। इसके उपरान्त महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने भुलियापुर में स्थापित वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया और पीड़ित महिलाओं से बातचीत की और उनका विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया।



# डीआईओएस बस्ती नही दें रहे जीपीएफ ब्याज का 75 करोड़

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** माध्यमिक शिक्षक में जीपीएफ भुगतान को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। जिला विद्यालय निरीक्षक बस्ती, संतकबीरनगर के जिला विद्यालय निरीक्षक को बकाया जीपीएफ ब्याज सहित पचहत्तर करोड़ रुपया नही लौटा रहे हैं। जिसके कारण संत कबीर नगर जनपंद से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्थायी तथा अस्थायी अग्रिम जीपीएफ भुगतान करने में कठिनाई हो रही है। मामले को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को श्री द्विवेदी संयुक्त शिक्षा निदेशक बस्ती ओम प्रकाश मिश्रा से मुलाकात करके साक्ष्य सहित ज्ञापन सौंपा। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने कहा है कि ब्याज की धनराशि के लिए शासन व वित्त नियंत्रक से पत्र व्यवहार किया जा रहा है। तत्काल समस्या के समाधान के कुछ धनराशि बस्ती से हस्तातंरित कराने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया गया है। श्री द्विवेदी ने बताया कि वर्ष 1997 तक जनपद के 34 सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय, 11 संस्कृत विद्यालय संत कबीर नगर जनपद में सम्मिलित किये गये थे। वर्ष 2002 तक संत कबीर नगर जनपद के उक्त सभी विद्यालयों के जीपीएफ कटौती की धनराशि बस्ती कोषागार में जमा की जाती थी। जनपद विभाजन के अनेक वर्षों बाद जीपीएफ लेखा शीर्षक 8338 में जमा धनराशि अद्यतन संत कबीर नगर जनपद के कोषागार में व्याज सहित हस्तांतरित नही की गयी है जिसके कारण संत कबीरनगर जनपद के सहायता प्रापत माध्यमिक विद्यालयों के सेवानिवृत्त शिक्षकों व संस्कृत विद्यालय के शिक्षकों के जीपीएफ भुगतान में कठिनाई हो रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक संतकबीरनगर ने जिला विद्यालय निरीक्षक बस्ती से जीपीएफ लेखा शीर्षक में जमा व्याज सहित कुल धनराशि रूपया 689662257-00 (अडसंठ करोड छानबे लाख बासंठ हजार दो सत्तावन रूपया) मात्र संत कबीर नगर कोषागार लेखा शीर्षक संख्या 8000 में हस्तांतरित करने का अनुरोध किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक संत कबीर नगर ने जिला विद्यालय निरीक्षक बस्ती से अशासकीय सहायता प्रात संस्कृत माध्यमिक विद्यालय व महाविद्यालयों के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के जीपीएफ लेखा शीर्षक 8338 में जमा धनराशि दिनांक 01 अप्रैल 2002 से अद्यतन व्याज सहित कुल धनराशि (इक्यानबे लाख सैंतीस हजार आठ सौ तिरपन रूपया- 9137853.00 रूपया) मात्र का संत कबीर नगर के कोषागार में जमा करने की मांग की गयी है। जिला विद्यालय निरीक्षक संतकबीरनगर ने जिला विदालय निरीक्षक सिद्धार्थनगर से संस्कृत माध्यमिक वियालयों के लिए जीपीएफ ब्याज सहित कुल धनराशि रूपया- 2836842 (अठाइस लाख छत्तीस हजार आठ सौ बयालीस रुपए) मात्र संत कबीर नगर कोषागार में हस्तांतरित करने का अनुरोध किया गया है। इसी पत्र में जनपद के माध्यमिक वियालयों से सम्बचिधित जीपीएफ की धनराशि व्याज सहित रूपया- 59423059.00 (पाँच करोड़ चौरनबे लाख तेइस हजार उनसठ रूपया) हस्तांतरित करने का अनुरोध किया गया। प्रश्नगत प्रकरण में अवगत कराना है कि जिला विद्यालय निरीक्षक संत कबीर नगर के बार बार अनुरोध करने के बावजूद जिला विद्यालय निरीक्षक बस्ती व सिद्धर्थनगर द्वारा उक्त धनराशि को व्याज सहित संत कबीर नगर जनपद के कोषागार में हस्तान्तरित नही की जा रही है जिससे स्थिति विस्फोटक होती जा रही है। उक्त तीनों जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक ने शासन व वित्त नियंत्रक को पत्र लिखकर अपने दायित्व को समाप्त मान ले रहे हैं। तीनों जनपदों के कोई भी जिला विद्यालय निरीक्षक प्रकरण पर गम्मीरता से ध्यान नही दें रहा है।

# समतामूलक समाज की संस्थापना के लिए बसपा सरकार जरूरी: शमीम अहमद



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर ने संविधान में जो समतामूलक समाज की संस्थापना की है, उसे लागू करवाने के लिए देश व प्रदेश में सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय वाली बसपा सरकार जरूरी है। उक्त बातें बसपा नेता पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने कहा। उन्होंने कहा कि आजकल अपराधियों के हौंसले बुलन्द हैं। आयें दिन हत्या, लूट और बलात्कार आम बात हो गई है। कानून नाम की कोई चीज नहीं है, लेकिन सरकार द्वारा डिस्टल इन्डिया का सपना दिखाया जा रहा है। बेरोजगारी चर्म पर हैं। किसान, नौजवान मजदूर सब परेशान हैं। दलितों व पिछड़ों और खास तौर अल्पसंख्यकों को परेशान किया जा रहा है। मस्जिद व मदरसों को अवैध बता कर बुल्डोजर चलाने में सरकार लगी है। इन सब से छुटकारा पाने के लिए आने वाले 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाना है। पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार में समाज का हर तबका परेशान हैं। खासकर मुस्लिम समाज को परेशान किया जा रहा है। प्रदेश की जनता पांचवीं बार बहन कु0 मायावती जी को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला कर लिया है। इस मौके पर पूर्व मण्डल प्रभारी बस्ती इन्द्रजीत गौतम ने कहा कि कार्यकर्ता अपना बूथ मजबूत करो और अभियान में लग जायें। आने वाला दिन बसपा का होगा।

उक्त दौरान शुभकरन चौधरी, प्रिन्स अम्बेडकर, विजयपाल कन्नौजिया, मोहम्मद कैफ, श्रीराम बाबू, विरेन्द्र कुमार गौतम, अशोक कुमार बौद्ध सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहें।

# महिला ने नेत्र चिकित्सक पर गलत तरीके से ऑपरेशन करने का लगाया आरोप

**डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र डुमरियागंज के ग्राम बेतनार मुस्तहकम निवासी नूरजहां ने डीएम को आरजीआरएस के जरिये शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया कि आंख के ऑपरेशन के दौरान लापरवाही बरती गई है।

उन्होंने इस मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग की है।नूरजहां ने बताया कि उन्होंने और कई अन्य महिलाओं ने डुमरियागंज नगर के बढ़नी रोड स्थित एक निजी नेत्र चिकित्सालय में आंख का ऑपरेशन कराया था। जहां अस्पताल के चिकित्सक की लापरवाही के चलते उनकी आंख खराब हो गई। महिला ने डॉक्टरों पर गलत तरीके से ऑपरेशन और इलाज करने का आरोप लगाने के साथ ही अपने 20 हजार रुपये वापस करने व लापरवाह डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने चोरी के 06 मामलों का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी के वाहन व सामान बरामद

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में उ0नि0 अशोक कुमार दुबे, उ0नि0 चौकी प्रभारी बरदहिरया श्री ललित कान्त यादव, का0 मनीष कुमार यादव, घनश्याम मणि, का0 अरविन्द तिवारी, का0 पंकज विश्वकर्मा ने मेंहदावल बाईपास सर्विस लेंन से नौशाद पुत्र अनवर निवासी भिटवा टोला नूरी मस्जिद थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, हाल मुकाम काशीराम आवास थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के पास से दो अदद चोरी की मोटरसाईकिल, एक



जोड़ा झुमका पीली धातु, एक जोड़ा पायल सफेद धातु, चार अदद बैट्री ई रिक्शा, कुल नगद 15700 रुपये चोरी से प्राप्त बरामद कर लिया।

दिनांक 02.05.2025 को श्री अनिल पुत्र लाल जी निवासी कर्री खास पोस्ट सिकरी थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर जो समय माता मंदिर पर आये थे, इनकी मोटरसाइकिल पोखरे के पास से चोरी हो गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 504/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है। उक्त वाहन की बरामदगी अभियुक्त के कब्जे से हुई है। दिनांक 02.04.2025 को श्री हृदयलाल पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी मुसरद थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर ने सूचना दिया कि गन्ना विकास स्कूल तितौवा से चोरी हो गयी है। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद मु0अ0सं0 358/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया गया। वाहन की बरामदगी की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध दिनांक 30.01.2025 को श्रीमती गुजराती देवी पत्नी रामनाथ निवासी बीमापर थाना मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर नें सूचना दिया कि अजगईबा घाट पर उनकी देशी शराब की दुकान है जिसमें बीती रात अज्ञात चोर द्वारा 26300 रु0 व पीओएस मशीन आदि चोरी कर ली गयी है, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 87/2025 धारा 305/331(4) बीएनएस पंजीकृत है, दिनांक 30.05.2025 को श्री राकेश पटेल पुत्र लालदेव निवासी भुजैनी ने सूचना दिया कि अज्ञात चोर द्वारा उनके टिनशेड को हटाकर घर में चोरी की गयी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 475/2025 धारा 305(ए) बीएनएस पंजीकृत है, दिनांक 24.03.2025 को वादी श्री अखिलेश यादव पुत्र रामनयन निवासी भगता थाना महुली जनपद संतकबीरनगर द्वारा सूचना दिया गया कि औद्यौगिक क्षेत्र से केला प्लांट के पास से ई रिक्सा चोरी हो गया है, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0स0 302/2025 धारा 303 बीएनएस पंजीकृत है, दिनांक 10.06.2025 को श्री मत्येन्द्र कुमार सिंह पुत्र अंशुमान सिंह निवासी बनटिया थाना कोतवाली खलीलाबाद ने सूचना दिया कि जेल रोड के पास दुकान है जिसमें से 10000 रु0 नकद अज्ञात चोर द्वारा चुरा लिया गया है।

पकड़े गये अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया कि मैं अपने निजी खर्चों व नशे के लिए चोरी करता हूं। मेरे द्वारा उपरोक्त सभी चोरियां घूम-घूम कर की गयी हैं, तथा पास से बरामद धनराशि व वाहन तथा निशानदेही से बरामद सामानों के अतिरिक्त अन्य पैसे खर्च हो गये है, तथा कुछ सामान कबाड़ के रुप में बेच दिया हूं। जिससे पूछताछ से अन्य कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुई है, जिसके सम्बन्ध में अवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# एसपी ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेने के उपरांत निरीक्षण कर संबंधित को दिए दिशा निर्देश



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/एसपी कुंवर ज्ञानेंद्र सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन पहुंचकर परेड की सलामी ली। और सलामी परेड निरीक्षण के उपरान्त दंगा नियंत्रण ड्रिल का अभ्यास कराया गया। एवं पुलिस लाइन के अभिलेखों व विभिन्न शाखाओं मैस, जैसे यातायात, कार्यालय एवं परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# नदी में बहती मिलीं सैकड़ों से अधिक मरी मुर्गियां क्षेत्र मे मचा हड़कंप

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**लोटन/सिद्धार्थनगर।** लोटन कोतवाली क्षेत्र के हरिवंशपुर चौकी अंतर्गत रामनगर रसियावल गांव के पास इंडो-नेपाल बॉर्डर सड़क पर कूड़ा नदी के तट पर बने पुल के नीचे लगभग 300 मरी मुर्गियों के बहने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बड़ी संख्या में मुर्गियों के मरने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। जानकारी होने के बाद लोटन कोतवाली थानाध्यक्ष डीके सरोज ने एसडीएम व सीवीओ से बर्डफ्लू जांच कराने का पत्र लिखा है।

ग्रामीणों की सूचना के आधार पर रामनगर रसियावल के पुल के नीचे लगभग 300 मरी मुर्गियां कहां से आईं और किसने बहाईं, इसकी जानकारी में जब पुलिस जुटी तो पता चला कि अब्दुल निवासी लकड़ी थाना मोहाना ने इसे बहाया है। पुलिस तत्काल हरकत में आई और अब्दुल को थाने लाकर कर पूछताछ की। अब्दुल ने बताया कि बस्ती जिले के ग्राम बनकटी से लगभग 600 मुर्गियों को 11 जून को लाया था। इसमें से 300 बिक चुकी थीं, लेकिन बची मुर्गियों को ठोठरी अपने फॉर्म में रखा। अचानक मरने से बर्ड-फ्लू बीमारी समझ यहां लाकर फेंक दिया। एसओ के लिखे पत्र मिलने के बाद डॉक्टरों की पांच सदस्यीय टीम डॉ. गणेश प्रसाद सीवीओ व डॉ. राजकुमार यादव सहित मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गईं। फिलहाल मुर्गियों के मरने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। इस बारे में स्वास्थ्य विभाग की टीम लगी हुई है और जांच कर रही है कि कहीं इससे बर्ड फ्लू तो नहीं फैला है।

# वर्तमान का समय कौशल अथवा हुनर का है




**वेलकम इंडिया**

**झांसी!** आइसेक्ट झाँसी के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री विकास चंद्र श्रीवास्तव जी ने बताया कि माननीय प्रधानमन्त्री जी के समर्थ भारत-कौशल भारत विकसित भारत को साकार करने कि दिशा मे आईसेक्ट समूह ने स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (रभ्रूरव), मध्य भारत का पहला स्किल्स विश्वविद्यालय, भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत में सर्वश्रेष्ठ स्किल्स विश्वविद्यालय के रूप में खड़ा है। वर्ष 2023 में स्थापित, यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (वभ्रृउ) के 2(I) अधिनियम द्वारा मान्यता प्राप्त है, आईसेक्ट पिछले चार दशकों से शिक्षा और कौशल विकास की दिशा में काम कर रहा है, वर्तमान का समय कौशल का ही है। भारत के शीर्ष स्किल्स विश्वविद्यालयों में से एक के रूप में, रभ्रृरव इंटर्नशिप और प्रशिक्षुता के माध्यम से छात्रों को वास्तविक दुनिया का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है, जिससे वे उद्योग-तैयार पेशेवर बन जाते हैं। रभ्रृरव में प्रस्तावित कार्यक्रम स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट स्तर पर विविध संकायों में फैले हुए हैं, जिनमें शामिल हैं।

# फरीदा बांगर में धूमधाम से निकाली गई कलश शोभायात्रा, भक्तों द्वारा किया जा रहा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर ..ऊंचागांव :** विकासखंड क्षेत्र के गांव फरीदा बांगर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के आरम्भ से पूर्व भक्तों द्वारा गांव में धूमधाम से कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान गांव में जगह जगह शोभायात्रा का आरती उतार कर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कलश शोभायात्रा के दौरान गांव में माहौल भक्तिमय हो गया। श्रीमद् भागवत कथा के आरम्भ से पूर्व गांव में निकाली गई शोभायात्रा के दौरान 51 लड़की महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रहीं थीं। कलश शोभायात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस शिव मंदिर पर पहुंची। जहां कथाव्यास सुरेशानन्द व आचार्य विनोद शर्मा द्वारा वेदमंत्रो के साथ कलशों की स्थापना कराई गई। श्रीमद् भागवत कथा का ग्राम प्रधान चंद्रप्रकाश सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया।इस दौरान कलश स्थापना का महत्व बताते हुए कथावाचक सुरेशानन्द ने कहा सनातन धर्म में कलश स्थापना का विशेष महत्व है। किसी भी धार्मिक कार्यक्रम को पूर्णता एवं सिद्धता की ओर ले जाने में कलश का महत्व पूर्ण योगदान होता है। कलश में सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का वास होने के कारण होने के चलते कथा होने तक सभी देवी व देवता कथा पांडाल में विराजमान रहेंगे। इससे पूर्व गांव में कई जगह कलश शोभायात्रा का स्वागत भी किया गया। श्रीमद् भागवत कथा कलश शोभायात्रा के दौरान गांव के समस्त ग्रामवासियों मौजूद रहे।

# जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए किया गया वृक्षारोपण

**वेलकम इंडिया**

**ऊंचागांव :** विकासखंड क्षेत्र के अमरगढ़ में स्थित जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य व विद्यालय के समस्त स्टाफ ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए शुक्रवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य व स्टाफ ने कॉलेज में फलदार और छायादार पौधे लगाए। प्रधानाचार्य ने सोशल मीडिया के माध्यम से कॉलेज के समस्त छात्र छात्राओं से अपने घरों के आस पास छायादार वृक्ष लगाने का आग्रह किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है। यह कार्यक्रम भविष्य को हरा भरा और स्वच्छ बनाने की दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने कॉलेज सभी छात्र छात्राओं को को वृक्षारोपण के अवसर पर बधाई दी। साथ ही उनसे पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागेदारी की विद्यालय में शुक्रवार को लगभग 120 वृक्ष लगाए गए। इस दौरान विद्यालय में विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार तिवारी व विद्यालय के लिपिक भीम प्रकाश सिंह, संदीप कुमार, राकेश कुमार, पंकज गिरी, अनिल माहूर, ओमप्रकाश, अजय, हरेंद्र, अमन, अमित कुमार, आदि मौजूद रहे।



# टाण्डा क्षेत्र में बिजली सुधार को भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा जिला रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने बिजली आपूर्ति के सुधार को एसडीओ को संबोधित ज्ञापन उनकी अनुपस्थिति में अवर अभियंता को सौंपा।

शुक्रवार को भाकियू कार्यकर्ता बिजली की खराब आपूर्ति के सिलसिले में एसडीओ से मिलने स्थानीय बिजली घर पहुंचे। एसडीओ सहित किसी अधिकारी के न मिलने पर भाकियू कार्यकर्ता वहां तिरपाल बिछाकर बैठ गए और अधिकारियों के पहुंचने का इंतजार करने लगे। सूचना पर जेई (ग्रामीण) मौके पर पहुंचे और ज्ञापन लिया। ज्ञापन में कहा गया है कि भीषण गर्मी



में नगर टांडा में अत्यधिक बिजली कटौती से लोगों का बुरा हाल है। बिजली के आने-जाने का कोई समय निर्धारित नहीं है।इसके अलावा ग्राम शहपुरा फीडर की स्थिति बेहद खराब है, जिसके चलते मात्र 4 से 5 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। ग्राम ढक्का नगलिया क्षेत्र में भी विद्युत व्यवस्था का आलम यह है कि वहां पिछले बीस दिन में तीन बार ट्रांसफार्मर फुंक चुका है। ज्ञापन पर भाकियू के जिला सचिव साबिर अली, नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला, फरीद अहमद, मो. रफीक, मुईद सैफी एडवोकेट, मो. रिजवान, मो. इरफान, जसवंत सिंह, रामकुमार, हसीब अहमद, वारिस अली, रियासत अली, तौकीर अहमद, मसरूर, साजिद अली, फारूक, जावेद अली, इब्ने अली, मंगल हुसैन और इकरार हुसैन आदि के हस्ताक्षर हैं।

# परशुराम शोभायात्रा की स्वर्णिम स्मारिका का किया विमोचन

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**वृंदावन।** श्री परशुराम शोभायात्रा समिति के तत्वावधान में 19 जून 2025 को नगर में निकलने वाली भगवान परशुराम शोभायात्रा की स्वर्णिम स्मारिका का विमोचन शुक्रवार को किया गया।विमोचन करते मथुरा-वृंदावन के विधायक हुए श्रीकांत शर्मा ने कहा कि सामाजिक एकता और अखंडता के लिए ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण योगदान देते है। भगवान परशुराम शोभायात्रा समाज को एकजुट करने का कार्य करेगी।

जिलाध्यक्ष इंजीनियर राजकुमार शर्मा ने कहा कि वृंदावन में निकलने वाली धार्मिक शोभायात्राओं के द्वारा आध्यात्मिक चेतना का भी कार्य किया जाता है।इस वर्ष भी परशुराम शोभायात्रा के माध्यम से आम जनमानस को आध्यात्म एवं धार्मिकता जोड़ने का कार्य किया जाएगा।

मुख्य संयोजक आशीष गौतम चिंटू ने बताया कि परशुराम शोभायात्रा प्राचीन रंगनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के सभी प्रमुख मार्गों से होती हुई परशुराम मंदिर पर जाकर पूर्ण होगी।

परशुराम शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र गौतम ने बताया कि विभिन्न झांकियां, बैंड बाजे, शहनाई आदि शामिल रहेगें।साथ ही समाज में उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले व्यक्तियों को इंजीनियर परशुराम गौतम की पुण्य स्मृति में विप्र गौरव सम्मान समारोह भी आयोजित होगा। इस अवसर पर अमित गौतम पिंटू, गोविंद नारायण, नीरज गौड़, राजेश पाठक, श्याम सरदार, छोटे गौतम, आशु सरदार, राधाकांत शर्मा, राजू शर्मा, पार्थ कृष्ण गौतम, चंद्र नारायण शर्मा, मुकेश कृष्ण शर्मा, जितेंद्र कुमार गौतम, उमेश दुबे गोलू, शिवेंद्र अवस्थी, दुष्यंत दीक्षित आदि उपस्थित थे।

## बीएसएनएल सेवा खराब रहने के कारण उपभोक्ता आये दिन हो रहे परेशान

**बुगरासी।** क्षेत्र में बीएसएनएल सेवा आये दिन खराब रहती है जिसके कारण उपभोक्ताओं में भारी रोष है। क्षेत्र के गांव बरहाना में बीएसएनएल के 7 से 8 कनेक्शन है जो 24 घंटे में एक बार खराब रहते हैं जिसके कारण सभी उपभोक्ता कनेक्शन कटवाने का मन बना रहे हैं।अगर इसी तरह चलता रहा तो वास्तव मे सभी उपभोक्ता अपने अपने कनेक्शन कटवा लेंगे।बताते चले कि 1997 में बरहाना में बीएसएनएल के 40 कनेक्शन थे जो विभाग की लापरवाही की भेंट चढ गये।किसी भी अधिकारी से बात करो तो सच्चाई नहीं बताते है।फरवरी माह में एसडीओ निकुंज भारद्वाज से फोन पर बात हुई थीं कि बुगरासी दूरभाष केंद्र पर बैटरियां खराब हो चुकी हैं।जिस पर उन्होंने बताया था कि 15 दिन के अन्दर नई बैटरियां लग जायेंगी लेकिन आज तक वहीं ढाक पर तीन पात। समस्या जस की तस है। सबकुछ बीएसएनएल के अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा है। उपभोक्ता बेचारे जायें तो कहां सब भगवान के भरोसे।

# अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों को दी श्रद्धांजलि




वेलकम इंडिया

कस्बा शाहजहांपुर के लोगों ने सपा नेता मुमताज आलम के नेतृत्व में अहमदाबाद विमान हादसे में जान गँवाने वाले लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को देर शाम झंडा चौक पर एकत्रित होकर श्री मुमताज आलम ने कस्बे के लोगों के साथ कैंडल मार्च निकालकर विमान हादसे में अपने प्राण गवाने वाले मृतकों के परिवार जनों के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। मुमताज आलम ने कहा कि यह हमारे देश के लिए एक बेहद दुखद क्षण है हम सभी दिवंगत आत्माओं की शांति एंव परिवार जनों के दुख सहन करने लिए प्रार्थना करते हैं।इस मौके पर किसान नेता जावेद खान, जेब खान, राहत खान, फराज खा, शहजाद खा नानपुर, गुफरान खा, पप्पू खा, सोनू खा, तल्हा खा, भव्य नामदेव, दानिश खा, आबिद, शकील खा, मुकेश कुमार, शादाब अल्वी, जावेद रंगरेज, आदि लौग उपस्थित रहे,

## ट्रेन में यात्री की मौतः तबीयत बिगड़ी बेहोश हुआ

वेलकम इंडिया

**मोंठ (झाँसी)।** गोरखपुर से पुणे जा रही एक ट्रेन में उस समय हड़कंप मच गया जब एक यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह अचेत हो गया। यात्रियों की सूचना पर रेलवे पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए यात्री को मोंठ स्टेशन पर उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के थाना शिवपुर अंतर्गत ग्राम तिलसर निवासी मिट्ठूलाल पुत्र रामविलास पासवान गोरखपुर से पुणे जा रही ट्रेन संख्या 15029 में इंजन के पीछे लगे जनरल कोच में सफर कर रहे थे। गुरुवार और शुक्रवार की मध्यरात्रि जब ट्रेन मोंठ स्टेशन के पास पहुँची, तभी उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई और वे बेहोश हो गए। ट्रेन में सफर कर रहे अन्य यात्रियों ने तत्काल इसकी सूचना रेलवे कंट्रोल रूम को दी। सूचना मिलते ही कंट्रोल रूम ने मोंठ स्टेशन पर तैनात आरपीएफ को सतर्क किया। ट्रेन को रात करीब 3:26 बजे मोंठ स्टेशन पर रोका गया। आरपीएफ चौकी प्रभारी जेपी यादव और आरपीएफ जवानों ने 108 एंबुलेंस की मदद से रात 3:38 बजे मिट्ठूलाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोंठ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी जेपी यादव ने बताया कि "घटना की जानकारी जीआरपी और आरपीएफ अधिकारियों को दी गई। शुक्रवार सुबह उरई जीआरपी टीम अस्पताल पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। यात्री की पहचान उसके पास मिले आधार कार्ड से की गई। फिलहाल जीआरपी पुलिस घटना की जांच में जुटी है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# 14 जून विश्व रक्तदान दिवस पटना के सबसे चर्चित मां ब्लड सेंटर ने युवाओं से की अपील

एहसान अंसारी

**नई दिल्लीः** विश्व रक्तदान दिवस पर पटना में एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य है रक्तदान को बढ़ावा देना। यह शिविर कअर, कढर, और कत्रत्र, ऐसोसिएशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है यह 2021 से हर साल आयोजित किया जा रहा है पटना में हर साल 14 जून कअर भवन में एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है।।वही पटना में सबसे चर्चित मां ब्लड सेंटर के संस्थापक डॉ मुकेश कुमार ने कहा।देश में हर वर्ष करीब चार करोड़ यूनिट ब्लड की जरूरत होती है। लेकिन इसमें से केवल करीब एक करोड़ यूनिट ही ब्लड की पूर्ति हो पाती है। रक्त का कोई विकल्प नहीं है। यह




देने से ही एक-दूसरे को मिलता है। देश में रक्त की जो कमी है, उसे स्वैच्छित रक्तदान से ही हम पूरी कर सकते हैं।इसलिए देश में रक्तदान की स्वैच्छिक परंपरा को बढ़ावा देने की जरूरत है। अगर ऐसा करने में हम सफल नहीं हुए तो स्थिति और गंभीर हो जाएगी।आप भी कर सकते हैं रक्तदान रक्तदान महादान कहलाता है। रक्त देने के बाद आप हरदम किसी अनजान की जान बचाने की खुशी में प्रसन्न रहते हैं।इसलिए रक्तदान करने से घबराने की जरूरर नहीं है बस कुछ बातों का ध्यान रखना है। एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने बाद रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने वाले की उम्र अगर 18 से 65 साल के बीच होनी चाहिए और उसका वजन 45 किलोग्राम से अधिक, तो वह रक्तदान कर सकता है। इसके साथ ही यह भी ध्यान रखना है कि आपका हीमोग्लोबिन 12.5 ग्राम से अधिक होना चाहिए।रक्तदान से पहले हल्का नाश्ता करें। अगर आपको रक्तदान करना है तो एक दिन पहले से ही शराब और नशे का सेवन नहीं करें। कोशिश करें कि रक्तदान करने से पहले भरपूर नींद लें।रक्तदान करते ही अपने स्थान से नहीं उठें। थोड़ा आराम करें। वहां उपस्थित डॉक्टर जैसा निर्देश दें, उसका पालन करें।कोशिश करें कि रक्तदान के बाद जूस, फल और तरल पदार्थों का उपयोग उस दिन थोड़ा ज्यादा करें।

## किसान नेता का जन्मदिन सादगी से मनाया गया



वेलकम इंडिया

**झांसी!** भारतीय किसान यूनियन (किसान) के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव, आखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (पंजी) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी आश्रित वारिस कमेटी के झांसी मण्डल के अध्यक्ष प्रताप सिंह बुंदेला का जन्मदिन उनके निवास भेल झांसी में सादगी पूर्ण तरीके से मनाया गया।

स्थानीय व्यापार मण्डल के लोगों ने उनके निवास पर आकर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रताप सिंह बुंदेला ने सभी लोगों को धन्यवाद देते हुए, उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डी एस त्रिपाठी, के पी सिंह अमित करोसिया, सचिन मौर्य, गौरव शुक्ला, जमील खान, राहुल सिंह बुंदेला, शिव प्रताप सिंह चौहान, संतोष सिंह, हर्षवर्धन सिंह बुंदेला, रब्बू राजा, ब्रजपाल सिंह परमार, अर्जुन सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी नासिर हुसैन आदि गणमान्य लोगों ने बधाई दी। एवं केक काट कर खुशी मनाई।

# राहुल उर्फ खट्टा पर जिला बदर की कार्रवाई

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी राहुल उर्फ खट्टा पर पुलिस ने जिला बदर की कार्रवाई की है। पुलिस के द्वारा आरोपी को जनपद की सीमा से बाहर जनपद बागपत की सीमा तक छोड़ा गया। पुलिस ने आरोपी को चेतावनी दी है कि जनपद में प्रवेश करने पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी राहुल उर्फ खट्टा पुत्र राजेंद्र पर महामारी अधिनियम व मारपीट के कई अभियोग पंजीकृत हैं। आरोप है कि राहुल उर्फ खट्टा कस्बे व क्षेत्र के लोगों के साथ मारपीट करते हुए डराता धमकता है। आरोप है कि कुछ दिन पूर्व राहुल उर्फ खट्टा का सरकारी अस्लेह के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल हुआ था, लेकिन राजनीतिक पेठ के चलते पुलिस आरोपी पर कार्रवाई नहीं कर पाई थी।जिसके चलते आरोपी के हौसले लगातार बुलंद होते गए और आरोपी लगातार क्षेत्र के लोगों पर रोब झाड़ते हुए मारपीट करने लगा। कई बार कस्बा एलम के लोगों ने थाना प्रभारी निरीक्षक सहित एसपी शामली को शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन राजनीतिक पेठ के चलते पुलिस भी आरोपी पर कार्रवाई करने से बच रही थी। शुक्रवार को थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बा एलम निवासी राहुल उर्फ खट्टा पुत्र राजेंद्र के खिलाफ गुंडा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी, जिसके चलते आरोपी के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई है। आरोपी को जनपद शामली की सीमा से बाहर जनपद बागपत की सीमा में छोड़ा गया है। आरोपी को चेतावनी दी गई है कि अगर आरोपी जनपद शामली की सीमा में प्रवेश करता है तो आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया जाएगा।

## मामूली कहासुनी होने पर मारपीट,दो घायल

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला इदरीस बैग विहार कॉलोनी में बाइक पर बैठे दो युवक आपस में मजाक कर रहे थे। आरोप है कि इसी बीच दोनों में कहासुनी हो गई। शोर शराबा होने पर दोनों पक्षों के लोग मौके पर आ गए। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक महिला और एक व्यक्ति घायल हो गया। दोनों पक्षों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कस्बे के मौहल्ला इदरीश बैग बिहार कॉलोनी निवासी शादाब व हाशिम का पुत्र रिहान बाइक पर बैठे मजाक कर रहे थे। मजाक मजाक में दोनों के बीच कहासुनी हो गई। शोर शराबा होने पर दोनों पक्षों के लोग मौके पर आ गए। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक पक्ष से महिला निशा पत्नी नफीस व दूसरे पक्ष से हाशिम पुत्र लियाकत घायल हो गए।

## बंदरों के आतंक से हुई किसानों की फसल बर्बाद, संबंधित विभाग की कारवाई का इंतजार

वेलकम इंडिया

**ऊंचागांव :** विकासखंड क्षेत्र में बंदरों का आतंक चरम सीमा पर पहुंच गया है। क्षेत्र में 20 से अधिक गांवों में बंदरों के झुण्ड किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित गांव पाली आनंदगढ़ी, रघुनाथपुर, नरसेना, और फरीदा बांगर, शामिल हैं। किसानों को दिन रात अपनी फसलों की रखवाली करनी पड़ रही है। बंदर खासतौर मक्का, आम, बाजरा, ये फसल इनके निशाने पर हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है, कि किसान कुछ फसलों को बोने से भी कतरा रहे हैं। बंदरों का आतंक केवल खेतों तक ही सीमित नहीं है। गांव के घरों में भी बंदरों के झुण्ड अचानक हमला कर देते हैं। जिससे



महिलाएं और बच्चे भी दहशत में हैं। अभिभावकों ने बच्चों को खुले में खेलने से मना कर दिया है। अब क्षेत्र में कई लोग बंदरों के हमले का शिकार हो चुके हैं। ग्रामीण बंदरों के आतंक की इस समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग पर आस लगाए बैठे हैं। लेकिन संबंधित विभाग की लापरवाही के चलते कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। एक तरफ मंहगाई की मार दूसरी तरफ बंदरों का आतंक अब करे तो क्या करे।

## बुखार होने पर तत्काल नजदीक के अस्पताल पर दिखाएः डा0 सीबी चौधरी

वेलकम इंडिया

**सिद्धार्थनगर।** अब बुखार होने पर सतर्क हो जाएं और नियमित दवा लें, तभी बीमारी से मुक्ती मिल सकेगी। कारण बुखार का स्वरूप बदल गया है। पांच दिन के बजाय बुखार की मियाद 10 दिन हो गया है। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज से लेकर सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बड़ी संख्या में बुखार और जुकाम से ग्रसित मरीज पहुंच रहे हैं। डॉक्टर जांच और दवा देने के साथ ही धूप से बचने और नियमित आठ से 10 दिन दवा लेने की सलाह दे रहे हैं। मौसम की मार से हर कोई परेशान होता है। जब भी मौसम का बदलाव होता है तो कई प्रकार की बीमारियों लोगों को घेरती हैं। मई में नौ तपा तो अब लू लोगों पर आग बनकर बरस रही है। जिससे घर के अंदर बाहर कहीं भी कोई चैन से नहीं रह पा रहा है।

पिछले कई दिनों से तेज बुखार और शरीर में दर्द व गले में जकड़न के रोगियों की संख्या में तेजी से बृद्धि हो रही है। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग की ओपीडी और इमरजेंसी में बुखार के मरीज पहुंच रहे हैं। जिन्हें दवा देने के साथ ही डॉक्टर जांच भी करवा रहे हैं।इसमें कई मरीजों को पांच दिन की डोज देने के बाद भी बुखार से राहत नहीं मिल पा रही है। उन्हें 10 दिन तक दवा लेनी पड़ रही है। इसी प्रकार जिले के प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बुखार के रोगी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। इसमें बच्चों और बुजुर्गों की संख्या अधिक है।

## भीषण गर्मी एवं बढ़ते विद्युत भार की मांग को पूरा करने के लिए पॉवर ट्रांसफॉर्मर की क्षमता में की वृद्धि

वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)।** गर्मी की तीव्र लहर के चलते बिजली की खपत में हो रही अमूर्त पूर्व वृद्धि को ध्यान में रखते हुए जयपुर डिस्कॉम द्वारा उपभोक्ताओं को निर्बाध और स्थिर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कदम उठाए जा रहे है। सहायक अभियन्ता एचटीएम जयपुर डिस्कॉम धौलपुर ने बताया कि 33, 11 केवी सब-स्टेशन हाऊसिंग बोर्ड पर स्थापित पॉवर ट्रांसफॉर्मर की क्षमता को 3.15 एमवीए से बढ़ाकर 5 एमवीए कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह उन्नयन कार्य तेजी से पूर्ण किया गया, जिससे ट्रांसफॉर्मर पर



पड़ने वाले अतिरिक्त भार को कम किया जा सकेगा और बार-बार ट्रिपिंग व वोल्टेज में उतार-चढ़ाव की समस्याओं से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। ट्रांसफॉर्मर के उन्नयन से अब बिजली आपूर्ति अधिक सुदृढ़ और भरोसेमंद हो सकेगी और पीक आवर्स में विद्युत मांग को पूरा किया जा सकेगा।

# स्वैच्छिक नियमित रक्तदाताओं को किया जाएगा सम्मानित

वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय धौलपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ब्लड बैंक प्रभारी मुकेश शर्मा ने बताया कि शिविर में ब्लड बैंक के स्वैच्छिक नियमित रक्तदाताओं को सम्मानित किया जावेगा ,रक्तदान की मुहिम को गांव और ढाड़ी तक पहुंचाने के लिए युवाओं को प्रेरित किया जावेगा। ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय धौलपुर ने 1 जनवरी से 31 मई 2025 तक 9 रक्तदान शिविर आयोजित किए हैं इन




रक्तदान शिविर में 504 ब्लड यूनिट प्राप्त हुई है इनमे से 460 ब्लड यूनिट थैलेसीमिया हीमोफीलिया, कैंसर, एचआईवी,पी पी एच गर्भवती महिलाओं सहित अति आवश्यक जरूरतमंद मरीजों को विदाउट रिप्लेसमेंट ब्लड उपलब्ध कराया है ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय धौलपुर समस्त स्वेच्छक रक्तदाताओं का आभार एवं धन्यवाद प्रकट करती है।

## श्रमिकों के पंजीकरण व नवीनीकरण के लिये माह सितम्बर 2025 तक की छूट

**बुलंदशहर।** डॉ० पल्लवी अग्रवाल सहायक श्रमायुक्त, बुलन्दशहर ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश श्रम विभाग का वेब पोर्टल फरवरी 2024 को बंद हो गया। जिसके कारण उत्तर प्रदेश भवन एंव अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का आवेदन, श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण नहीं हो सका, जिससे हजारो श्रमिक वचिंत हुये। अब श्रम विभाग की ओर से ऐसे श्रमिकों के पंजीकरण व नवीनीकरण के लिये माह सितम्बर 2025 तक की छूट दी गई है। सहायक श्रमायुक्त बुलन्दशहर द्वारा बताया गया कि वेब पोर्टल बन्द होने के कारण पंजीकृत निर्माण श्रमिक समयसीमा में नवीनीकरण और योजना के आवेदन नहीं कर पाये। ऐसे श्रमिको के लिये वेब पोर्टल संचालित होने पर नवीनीकरण और योजनाओं के आवेदन करने के लिये माह मार्च 2025 तक की छूट दी गई थी।

## शव की हुई शिनाख्त, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

वेलकम इंडिया

**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र ढेबरुआ के ग्राम पंचायत तालकुण्डा के सधुवानगर टोले में बुधवार की सुबह मिली लाश की शिनाख्त हो गई है। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के बेलभरिया की रहने वाली राधिका ने शिनाख्त अपने पति 35 बर्षीय संजय पुत्र बुझारत के रूप में की है। उसने बताया कि उसके पति मंगलवार की रात ढेबरुआ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तालकुण्डा के जलापुरवा बरात के लिए कह कर निकले थे। ढेबरुआ एसएचओ गौरव कुमार सिंह ने बताया कि लाश की शिनाख्त हो गई है।



# स्वर्गीय चौधरी रणबीर सिंह की पुण्यतिथि पर गणमान्य लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला महासचिव दीपक चौधरी के पिताजी समाजसेवी स्वर्गीय रणवीर सिंह चौधरी की 10 वी पुण्यतिथि पर आयोजित एक कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया।

स्वर्गीय चौधरी रणबीर सिंह की पुण्यतिथि पर गोविंदपुरी में आयोजित एक कार्यक्रम मे सांसद डॉ राजकुमार सांगवान, भाजपा विधायक मंजू शिवाच, भाजपा के जिला अध्यक्ष चेनपाल सिंह,भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, रालोद के प्रदेश सचिव रणबीर दहिया, रालोद के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, पूर्व सभासद विनोद गौतम,रालोद महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती सुमन चौधरी, युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला महासचिव दीपक चौधरी ,अमित चौधरी (पुत्र), चौ. चिराग सिंह, चौ. आर्य सिंह (पौत्र) वीर सिंह, सुरेन्द्र पाल, उपेन्द्र चौधरी आदि सैकड़ो गणमान्य लोगों ने पहुंचकर स्वर्गीय रणवीर सिंह को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। दीपक चौधरी जिला महासचिव युवा राष्ट्रीय लोकदल ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पधारे सभी गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया।

# आईपीईसी-टीबीआई और अमेजन की साझेदारी से महिला उद्यमियों को मिला डिजिटल मंच

वेलकम इंडिया




**साहिबाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज (आईपीईसी) के टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर (आईपीईसी-टीबीआई) ने महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु अमेजन सेलर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है।इस पहल का उद्देश्य आईपीईसी-टीबीआई में देशभर से इन्क्यूबेटेड महिला उद्यमियों को अमेजन सहेली प्रोग्राम के तहत डिजिटल समावेशन, बाजार तक पहुंच और व्यापारिक विकास के अवसर प्रदान करना है। समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कॉलेज निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय कुमार, टीबीआई की सीईओ प्रियंका गुप्ता, सपना शर्मा, अमेजन सहेली की मैनेजर दीपिका शर्मा और कशिश की उपस्थिति में हुआ। प्रियंका गुप्ता ने बताया कि योजना के पहले चरण में 16 पात्र महिला उद्यमियों को आईपीईसी-टीबीआई के माध्यम से अमेजन प्लेटफॉर्म पर जोड़ा जाएगा। अमेजन सहेली योजना के तहत महिला उद्यमियों को कम रेफरल शुल्क, निःशुल्क इमेजिंग-सहायता, व्यक्तिगत प्रशिक्षण, खाता प्रबंधन, विपणन सहयोग, कौशल विकास कार्यशालाओं और एनजीओ-सरकारी निकायों के सहयोग से व्यापार विस्तार का अवसर मिलेगा। यह साझेदारी स्थानीय महिला उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## नाबालिग रेप पीड़िता बनी मां, दिया एक बेटी को जन्म

**बुलंदशहर।** अनूपशहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी खेतों पर बकरियां चराने जाती थी। उसी दौरान 50 साल के एक कामान्ध अधेड़ की बुरी नजर 14 साल की बच्ची पर पड़ गई। प्राप्त विवरणनुसार नाबालिग रेप पीड़िता 50 साल के रेपिस्ट के बच्चे की मां बन गई रेप पीड़िता द्वारा मेरठ के एक हॉस्पिटल में बेटी को जन्म दिया गया है। जिले के अनूपशहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी खेतों पर बकरियां चराने जाती थी उसी दौरान 50 साल के एक कामान्ध अधेड़ की बुरी नजर 14 साल की बच्ची पर पड़ गई। आरोप था पीछे काफी समय से किशोरी के साथ जंगल में ही कामान्ध अधेड़ हवस का शिकार बनाता रहा, कुछ माह पूर्व जब किशोरी में शारीरिक परिवर्तन आने लगे और किशोरी गुमसुम रहने लगी तब किशोरी से पूछताछ के बाद कामान्ध ऋषिपाल की गंदी हरकत का पता परिजनों को चला मामले को लेकर पीड़िता के पिता ने ऋषिपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया जाता है कि मई 2025 में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पीड़िता का जब मैडिकल परीक्षण हुआ तो पीड़िता 7 माह से अधिक की गर्भवती पाई गई। हालत ऐसे बन गए कि 7 माह की नाबालिग रेप पीड़िता को गर्भपात की अनुमति भी नहीं मिल सकी। गर्भवती नाबालिग रेप पीड़िता द्वारा मेरठ के एक हॉस्पिटल में बेटी को जन्म दिए जाने की खबर ने एक बार फिर पीड़िता और उसके परिवार के जीवन में नई मुश्किल खड़ी कर दी। पीड़िता के परिवार की माने तो नासमझ बेटी नवजात को किसका नाम देगी कैसे उसका पालन पोषण करेगी, परिवार बमुश्किल दो जून को रोटी ही जुटा पाता है। वहीं अनूपशहर के सीओ ने बताया कि इस मामले में पुलिस पहले ही आरोपी को जेल भेज चुकी है। आरोपी के खिलाफ चार्ज शीट भी न्यायालय को प्रेषित की जा चुकी हैं अब महिला पुलिस को मेरठ के हॉस्पिटल भेजकर अग्रिम विधिक कार्रवाई कराई जा रही है। बताया कि इस मामले में नवजात कन्या पर रेप के आरोपी का डीएनए०भी टैस्ट कराया जायेगा।

## रंजिशन चाकू घोंपकर युवक की हत्या, एक घायल, 4 पर एफआईआर० एक गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** शादाब की हत्या के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के भाई इरशाद का कहना है कि पूर्व में बच्चों के झगड़े में बड़ों में लड़ाई हो गई थी तब ही इन्हीं हमलावरों ने जानलेवा हमला किया था। प्राप्त विवरणनुसार खुर्जा कोतवाली क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने चाकुओं से वार कर शादाब (28) की हत्या कर दी जब कि शादाब को बचाने आए नईम को भी चाकू घोंपकर लहूलुहान कर दिया। वहीं एसपी०शंकर प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने 4 हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर एक को हिरासत में ले लिया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। कोतवाली खुर्जा नगर क्षेत्र के मोहल्ला खीरखानी में बीती देर रात को पुरानी रंजिश के चलते एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। बीती रात्रि 28 वर्षीय युवक शादाब दुकान बंद कर अपने घर जा रहा था कि रास्ते में घात लगाए बैठे कुछ हमलावरों ने शादाब पर चाकुओं से हमला कर दिया। बीच बचाव को आए इसके दोस्त नईम पर भी चाकुओं से वार कर लहूलुहान कर दिया। घायल अवस्था में दोनो को खुर्जा के सूरज मल जटिया राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने शादाब को मृत घोषित कर दिया। शादाब की हत्या के बाद परिवार में कोहराम मचा है। मृतक के भाई इरशाद का कहना है कि पूर्व में बच्चों के झगड़े में बड़ों में लड़ाई हो गई थी तब ही इन्हीं हमलावरों ने जानलेवा हमला किया था। बार बार मुकदमे को वापस न लेने पर धमकियां दी जा रही थी। मामले को लेकर एसपी०शंकर प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर एक को हिरासत में ले लिया है। फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। घायल को हायर मैडिकल सेंटर भेज दिया गया है।

## अंतिम संस्कार में आया युवक गंगा में डूबा 30 घंटे बीत जाने के बाद भी नहीं मिला शव



वेलकम इंडिया

**नरौरा/** राजघाट में गुरुवार को दौगवां निवासी महिला के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए राजघाट के श्मशान घाट पर आया था दौगवां निवासी थाना डिबाई कुंवरपाल सिंह पुत्र नौवत सिंह उम्र 45 वर्ष है। एनडीआरएफ टीम लगातार कर रही तलाश 30 घंटे बीत जाने के बाद भी गंगा में डूबा युवक का शव नहीं हुआ बरामद श्मशान घाट के नजदीक की घटना कुंवरपाल गंगा स्नान करते समय वह गहरे जल में पहुंच गया। अंतिम संस्कार में शामिल युवकों ने बताया कि यह गंगा स्नान करते समय दो लोग गंगा में डूब गए एक को तो मौके पर ही निकाल लिया लेकिन दूसरे युवक की जान नहीं बची इसकी सूचना तुरंत राजघाट चौकी पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस व गोताखोरों की मदद से गंगा में लगातार तलाश किया जा रहा है यह सुनकर परिवार वालों में कोहराम मच गया। एनडीआरएफ टीम ने युवक की तलाश शुरू कर दी है।

# अमेजन के सहेली और कारीगर कार्यक्रम महिला उद्यमियों के लिए सशक्त मंच

वेलकम इंडिया




**साहिबाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज (आईपीईसी) के टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर (टीबीआई) द्वारा नवाचार और महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 14 उभरते हुए स्टार्टअप्स को अमेजन के 'सहेली' प्लेटफॉर्म पर सफलतापूर्वक ऑनबोर्ड किया गया, जिससे उनकी बाजार तक पहुंच और डिजिटल दृश्यता को नई गति मिली।

कार्यक्रम का शुभारंभ आईपीईसी के निदेशक प्रो. डॉ. अजय कुमार और टीबीआई की सीईओ प्रियंका गुप्ता ने किया। इस मौके पर आईक्यूएसी प्रमुख डॉ. मीनाक्षी शर्मा, आईटी विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा त्रिपाठी एवं टीबीआई समन्वयक सपना शर्मा उपस्थित रहीं।अमेजन इंडिया की ओर से कशिश दीवान ने ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया और 'सहेली' एवं 'कारीगर' योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अमेजन की 'सहेली' योजना महिला उद्यमियों को कम रेफरल फीस पर अपने उत्पाद अमेजन पर लॉन्च करने का अवसर देती है। जहां सामान्य रेफरल फीस 22% होती है, वहीं महिला उद्यमियों को केवल 12% और हस्तनिर्मित उत्पादों पर मात्र 18% शुल्क देना होता है। यह सुविधा महिला व्यापारियों को डिजिटल मार्केटप्लेस से जोड़ने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में एक बड़ी पहल है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों और अतिथियों ने इस पहल की सराहना की और नवोदित महिला उद्यमियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। आईपीईसी-टीबीआई ने इसे नवाचार और सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम करार दिया। यह कार्यक्रम न केवल स्टार्टअप संस्कृति को मजबूती देता है, बल्कि महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित कर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सार्थक योगदान भी करता है।

# स्वच्छ भारत मिशन को लेकर हुई बैठक



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** शासन के दिशा निर्देश पर वार्ड 17 मे स्वच्छ भारत मिशन की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य वार्ड की महिलाओं को कूड़े के समाधान के संबंधित समझाना था की कैसे गीला कूड़ा और सूखा कूड़ा अलग अलग इक्क्ठा किया जाये। जिसे घरों से आने वाले कूड़े को गीले कूड़े से खाद बनाई जा सके और सूखे कूड़े का रिसाईकल कर बनाई गयी चीजों को पुनः प्रयोग में लाया जा सके। क्योंकि आज आज प्रदूषण बहुत बड़ी समस्या है। इस मौके पर वार्ड सभासद प्रदीप शर्मा, मोनिश, विपिन फिल्ड ऑफिसर स्वच्छ भारत मिशन, शिव कुमार सफाई नायक वार्ड 17, अक्षय तिवारी सुपरवाइजर वार्ड 17, गीता रानी, केला देवी, मीनाक्षी, सोनिया, नीलम, कविता, पूजा, आदि महिला उपस्थिति थी।

# हीटवेग दुधारू पशुओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत, चिकित्सक

वेलकम इंडिया



**बाजार शुक्ल अमेठी।** गर्मी से इन दिनों हाल-बेहाल है लोगों के साथ-साथ पशुओं की भी परेशानियां बढ़ती जा रही है। बढ़ती गर्मी न केवल इंसानों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है बल्कि बढ़ते तापमान व गर्मी का प्रकोप पड़ रहा है। जिसके चलते दुधारू पशुओं में 15-20 प्रतिशत तक दूध की भी कमी देखी जा रही है।पशुओं में तेज बुखार हो जाता है पशु चरना भी छोड़ देते हैं ऐसे में पशुओं का तुरंत प्रभाव से पशु चिकित्सा से उपचार कराना चाहिए। इसके अलावा, पशु चिकित्सक ने पशु पालकों से आह्वान किया कि वे अपने पशुओं को गर्मी की मार से बचाने के लिए कुछ विशेष सावधानियां बरतें। पशु चिकित्सक डॉ. राज नारायण ने बताया कि तेज गर्मी व लू की वजह से पशुओं में डी-हाईड्रेशन हो जाता है शरीर में पानी की कमी हो जाती है। जिससे पशु की खाल में झुर्रियां दिखाई देती है नाक भी सूख जाती है पशु हांफना शुरू कर देता है। तापमान बढ़ने से इसका असर नर्वस सिस्टम पर भी पड़ता है पशु चक्कर खाकर गिर भी सकता है ऐसे में पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए पशुपालकों को विशेष सावधानी रखनी चाहिए। पशु चिकित्साक ने बताया कि दूध निकलने से पहले व देर रात पशु को नहलाना, दिन में 3-4 बार पानी पिलाएं. पशुओं के लिए कूलर का प्रबंध करें. खेतों में रहने वाले पशुओं को अगर पेड़ के नीचे बांधते हैं।तो आसपास सुबह उठते ही ठंडे पानी का छिड़काव करें पशुओं को हरा चारा अधिक दें।हरे चारे में भी ध्यान रखे कि कम बढ़ी हुई ज्वार या बाजरा न दे अगर हरे चारे में स्प्रे किया गया है तो वो चारा न खिलाएं, पशु को रोजाना 50-50 ग्राम खनिज मिश्रण अवश्य खिलाएं। उक्त संबंध के साथ-साथ पशु चिकित्सक ने अस्पताल व्यवस्था के बारे में भी बात साझा की बताया स्थाई चिकित्सक के लिए पत्राचार किया गया है। तीन अस्पतालों की जिम्मेदारी निभानी पड़ती है।

# संक्रांति महोत्सव एवं नागरिक अभिनंदन समारोह के साथ होगा मारवाड़ जैन श्री संघ ट्रस्ट का शुभारम्भ

वेलकम इंडिया



**जोधपुर।** राजस्थान सरकार द्वारा राज्य अतिथि दर्जा प्राप्त गच्छाधिपति आचार्य श्रीमद् विजय नित्यानंद सुरीश्वर महाराज को भारत सरकार द्वारा पद्मश्री सम्मान से सम्मानित करने के बाद प्रथम बार जोधपुर में आगमन हो रहा है साथ ही भव्य संक्रांति महोत्सव का आयोजन भी हो रहा है, समस्त जैन समाज की एकता के प्रतीक के रूप में विशाल भवन का निर्माण का बीड़ा उठाने वाले मारवाड़ जैन श्री संघ ट्रस्ट का भी शुभारंभ किया जाएगा।ये कार्यक्रम 15 जून रविवार को प्रातः 9:30 बजे मारवाड़ इंटरनेशनल ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में भोलेबाबा आचार्य श्री जयानंद सुरीश्वर जी महाराज साहब, साध्वी श्री सुमंगला श्रीजी म.सा आदि साधु साध्वीजी भगवंत की निश्रा रहेगी। कार्यक्रम में होंगे अतिथि शामिल कार्यक्रम संयोजक गौतम सालेचा ने बताया कि विशाल रूप से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, नाकोड़ा तीर्थ अध्यक्ष रमेश कुमार मुथा, राजस्थान हॉस्पिटल के चेयरमैन पृथ्वीराज कांकरिया, मोटिवेशनल स्पीकर शांतिलाल गोलेछा की गरिमामयी उपस्थिति समारोह में रहेगी साथ ही मारवाड़ जैन श्री संघ से जुड़े हुए ट्रस्टी भी उपस्थित रहेंगे एवं संपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता जोधपुर शहर विधायक अतुल भंसाली करेंगे। मीडिया प्रभारी मुकेश नाहर एवं महेंद्र लूणावत ने संयुक्त रूप से बताया किगुलाबनगर जैन मंदिर के पास भूमि पर 50 रूम, दो बैंक्विट हॉल, भोजनशाला, कॉन्फ्रेंस हॉल सहित आधुनिक सुविधाओं से युक्त विशाल भवन का निर्माण होगा जिससे भविष्य में पूरे जोधपुर जैन समाज को इस भवन से लाभ मिलेगा और बड़े बड़े आचार्य गुरुभग्वंतो के चातुर्मास आसानी से यहां हो सकेंगे साथ ही ये भवन एम्स के नजदीक होने के चलते ईलाज के लिए जोधपुर आने वाले मरीजों के परिजनों को हैं भवन में ठहरने एवं शुद्ध सात्विक भोजन की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

# गुणवत्ता पूर्ण कार्य प्रणाली के लिए भारतीय मानक आवश्यकः जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,, भारतीय मानकों के प्रति जागरूकता को लेकर जिला कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों एवं पुलिस विभाग के साथ कार्यशाला का आयोजन हुआ। भारतीय मानक ब्यूरो शाखा देहरादून द्वारा शुक्रवार को दो चरणों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं पुलिस बल को भारतीय मानकों के प्रति जागरूक करना था।प्रथम चरण में सुबह आठ बजे पुलिस लाइन में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपस्थित पुलिस बल को सार्वजनिक सुरक्षा, भवन निर्माण, सड़क निर्माण, फूड सेफ्टी, यातायात सुरक्षा आदि क्षेत्रों में भारतीय मानकों की उपयोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।इस अवसर पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा जनपद में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ₹गुणवत्ता पूर्ण विकास कार्यों एवं सेवाओं के लिए भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित मानकों का पालन किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है, बल्कि जनविश्वास भी सुदृढ़ होता है। सभी विभागों को चाहिए कि वे क्रय प्रक्रिया एवं निर्माण कार्यों में इकर मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करें।₹ उन्होंने कहा कि जनहित और जनसुरक्षा की दृष्टि से यह पहल एक सकारात्मक बदलाव ला सकती है।जिलाधिकारी ने भारतीय मानक ब्यूरो की इस पहल को जनपद के लिए गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं मानक आधारित शासन प्रणाली की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।कार्यशाला में भारतीय मानक ब्यूरो के निदेशक सौरभ तिवारी ने सभी विभागों से आग्रह किया कि वे अपने प्रोक्योरमेंट में आईएसआई मार्क वाले प्रमाणित उत्पादों को ही प्राथमिकता दें। उन्होंने बताया कि इससे न केवल गुणवत्ता सुनिश्चित होगी, बल्कि उपभोक्ता संरक्षण एवं पारदर्शिता को भी बल मिलेगा। उन्होंने भविष्य में सभी विभागों के साथ मानक आधारित कार्यशालाओं के आयोजन का भी प्रस्ताव रखा। कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों को विभागीय कार्यों में भारतीय मानक ब्यूरो मानकों के अनुपालन की आवश्यकता, प्रक्रिया तथा लाभों के विषय में विस्तार से बताया गया।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, उपजिलाधिकारी मोनिका, जितेन्द्र वर्मा,व ललित मोहन तिवारी, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, पुलिस उपाधीक्षक अजय शाह, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्य, प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी विनय कुमार आर्य, दीप चंद्र जोशी, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. निष्ठा शर्मा कोहली, जिला यूनानी अधिकारी डॉ. बेला महर, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन सिंह रावत सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# 21 जून को होगा योग का महाकुंभ शुरू



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। देशभर में योग के महापर्व की तैयारी जोरों पर है, और गाजियाबाद भी इस बार अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को एक नई ऊंचाई देने जा रहा है। 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें प्रशासन से लेकर सामाजिक संस्थाओं तक सभी प्रतिनिधि एक मंच पर एकत्र हुए। जिलाधिकारी ने इस दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि योग दिवस को केवल एक दिवस न मानते हुए इसे एक जनआंदोलन की शक्ल दी जाए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपनी-अपनी कार्ययोजनाएं तैयार करें और यह सुनिश्चित करें कि जनपद का हर कोना योगमय वातावरण से भर जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि 15 जून से योग सप्ताह का शुभारंभ किया जाएगा, जिसके तहत प्रतिदिन विभिन्न स्थलों पर योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। यह सप्ताहिक यात्रा 21 जून को एक भव्य और प्रेरणादायक आयोजन के साथ सम्पन्न होगी, जो जनमानस को योग के प्रति जागरूकता और स्वास्थ्य का संदेश देगा। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि योग न केवल एक व्यायाम है, बल्कि भारतीय संस्कृति की वह शक्ति है जिसने विश्व को आध्यात्मिक मार्ग दिखाया है। आज भारत के साथ-साथ दुनिया के सैकड़ों देशों में योग अपनाया जा रहा है। ऐसे में गाजियाबाद को भी इसकी गरिमा के अनुरूप आयोजन करना होगा।

इस महत्त्वपूर्ण बैठक में जिले के सभी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ पतंजलि योग संस्थान, आयुष विभाग, सिविल डिफेंस, विभिन्न सामाजिक संगठनों, आरडब्ल्यूए और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सभी ने अपने-अपने सुझाव साझा किए और आयोजन को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अशोक राणा, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. पंकज त्यागी, आयुष विभाग से डॉ. जोगेन्द्र सिंह, डॉ. निशंक कुमार, डॉ. कुलदीप राज सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहे। जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव और अपर जिलाधिकारी नगर ने भी आयोजन की रणनीति और लॉजिस्टिक्स पर आवश्यक जानकारी साझा की।

# डीएम ने दिल्ली-सहारनपुर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। मानसून की दस्तक से पहले ही लोनी क्षेत्र में जलभराव की पुरानी समस्या को लेकर प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने शुक्रवार को दिल्ली-सहारनपुर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया और जलभराव से निपटने के लिए समस्त विभागों को स्पष्ट और कठोर दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उन प्रमुख बिंदुओं को चिह्नित किया जहां हर वर्ष बारिश के दौरान गहरे जलभराव की स्थिति बनती है, जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। डीएम ने निर्देश दिया कि बारिश शुरू होने से पहले ही सड़क की मरम्मत, जल निकासी की पुख्ता व्यवस्था, पंप सेटों की तैनाती और सभी प्रमुख नालों की गहन सफाई का काम पूरा कर लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है और कोई विभाग यह कहकर पल्ला नहीं झाड़ेगा कि संबंधित काम दूसरे विभाग का है। निरीक्षण के समय लोनी के एसडीएम, पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी (ईओ), सिंचाई विभाग, एनएचएआई, विद्युत विभाग, जल निगम, यमुना प्रदूषण नियंत्रण इकाई सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। सभी को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने कार्यों की समयबद्ध रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करें। यह मार्ग न केवल लोनी के लोगों के लिए बल्कि गाजियाबाद और दिल्ली के बीच आवागमन करने वालों के लिए भी महत्वपूर्ण संपर्क कड़ी है। बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति न केवल लोगों के दैनिक जीवन को प्रभावित करती है, बल्कि यातायात व्यवस्था को भी बुरी तरह से बाधित करती है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इस रूट को हर हाल में जलभराव मुक्त बनाए रखना प्राथमिकता है।

## ड्यूटी के बाद लापता हुए एमसीडी कर्मचारी का मिला शव

**गाजियाबाद**। मोदीनगर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक रहस्यमयी घटना ने सनसनी फैला दी। कादराबाद गांव से बृहस्पतिवार शाम को लापता हुए दिल्ली एमसीडी में कार्यरत 59 वर्षीय बृजेश कुमार का शव शुक्रवार सुबह गोविंदपुरी में सड़क किनारे पड़ा मिला। घटना ने न सिर्फ इलाके में सनसनी फैला दी, बल्कि पुलिस और स्थानीय प्रशासन की सक्रियता पर भी सवाल खड़े कर दिए। बृजेश कुमार रोजाना की तरह गुरुवार शाम ड्यूटी से लौटे थे, लेकिन रात को बिना किसी को कुछ बताए घर से निकल गए।

# शेयर बाजार में मुनाफे का झांसा देकर 60 लाख की

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। चंद्रपुरी इलाके में रहने वाले एक वकील के साथ साइबर अपराधियों ने बेहद शातिर तरीके से 60 लाख रुपये की ठगी कर डाली। ठगों ने पीड़ित को शेयर बाजार में निवेश कर मोटे मुनाफे का झांसा दिया। शुरूआत में उन्हें छोटा रिटर्न देकर भरोसा जीत लिया गया, लेकिन बाद में प्रोसेसिंग फीस, टैक्स और फ्रीजिंग चार्ज के नाम पर लाखों की रकम ऐंठ ली गई। जब पीड़ित ने पैसे निकालने की कोशिश की तो और रकम मांगी गई। मामले का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित वकील के अनुसार, यह सिलसिला 5 मई से शुरू हुआ जब फेसबुक पर शनाया सक्सेना नाम की युवती ने उनसे संपर्क किया और खुद को ट्रेडिंग एक्सपर्ट बताया। कई बार की बातचीत में शनाया ने उन्हें भरोसे में लिया और 13 मई को पहला निवेश करवाया। निवेश के बदले पीड़ित के खाते में चार हजार रुपये का मुनाफा ट्रांसफर कर दिया गया, जिससे उन्हें भरोसा हो गया। इसके बाद ठगों ने निवेश की राशि बढ़वाई और अलग-अलग चरणों में उन्हें मुनाफे का झांसा दिया। कुछ समय तक खाते में बढ़ती रकम दिखाई जाती रही, लेकिन जब उन्होंने रिटर्न निकालने की कोशिश की, तो ठगों ने 30 प्रतिशत टैक्स जमा करने की शर्त रख दी। इस पर पीड़ित ने करीब 16.46 लाख रुपये और जमा कराए। इतना सब करने के बाद भी जब उन्होंने पैसे निकालने की कोशिश की तो महज 18 हजार रुपये ही वापस दिए गए। आगे और पैसे निकालने के लिए उनसे 30 लाख रुपये और जमा करने की मांग की गई। इतना ही नहीं, खाते की धनराशि को फ्रीज बताकर रोजाना उसमें से 1 प्रतिशत कटौती की धमकी भी दी गई।

# कोर्ट से फरार हत्यारोपी बना गैंगस्टर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। एक मामूली 25 हजार रुपये के लेनदेन से शुरू हुआ विवाद अब संगठित अपराध के जाल तक पहुंच चुका है। हरियाणा के कुख्यात नीरज फरीदपुरिया और हिमांशु भाऊ गैंग का शूटर विनीत रावत उर्फ गोलू आज देश की पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ है। विनीत वही अपराधी है जिसने तीन साल पहले गाजियाबाद के भोजपुर क्षेत्र के मुकीमपुर गांव में युवक नरेश की दिनदहाड़े 14 गोलियां मारकर हत्या की थी। घटना 2 सितंबर 2021 की है, जब नरेश को स्कूल के पास बुलाकर हत्या को अंजाम दिया गया। वारदात पूरी तरह प्री-प्लान थी। विनीत ने इसके लिए भोजपुर के ही नाहली गांव से दो पिस्टल खरीदी थीं। कुछ ही दिनों बाद, 12 सितंबर को भोजपुर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर डासना जेल भेज दिया था। मगर अपराध की कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। जेल में बंद रहते हुए विनीत का संपर्क गैंगस्टर नीरज फरीदपुरिया और हिमांशु भाऊ गैंग के अपराधियों से हुआ। यहीं से उसने अपने लिए अपराध की दुनिया का नया रास्ता चुना। 2024 में गाजियाबाद कोर्ट में पेशी के दौरान वह पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया और इसके बाद पूरी तरह गैंग के लिए काम करने लगा।

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के संचालन की मांग को लेकर शिक्षक संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। जनपद में शिक्षा व्यवस्था को लेकर शिक्षक संघ की पहल अब एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को विधायक अजीतपाल सिंह त्यागी से मुलाकात कर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) गाजियाबाद के शीघ्र संचालन की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। यह मांग सिर्फ एक संस्थान के संचालन की नहीं, बल्कि हजारों शिक्षकों के हक की आवाज बन चुकी है, जिन्हें अब तक प्रशिक्षण के लिए हापुड़ जाना पड़ रहा है। संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी ने बताया कि गाजियाबाद डायट का शिलान्यास मार्च 2021 में हुआ था और इसके निर्माण कार्य को लगभग पूरा कर लिया गया है। इसके बावजूद संस्थान में अभी तक प्रशिक्षण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है, जिससे जिले के शिक्षकों को हर बार हापुड़ जाकर प्रशिक्षण लेना पड़ता है। यह व्यवस्था न केवल असुविधाजनक है बल्कि समय और संसाधनों की भी भारी बबार्दी करती है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद जैसे शहरी और बड़े जिले में डायट जैसी अत्यावश्यक संस्था का संचालन न होना शिक्षा विभाग की लापरवाही को उजागर करता है। शिक्षक संघ का कहना है कि सरकार और प्रशासन को इस दिशा में तत्परता दिखाते हुए तुरंत गाजियाबाद डायट का संचालन शुरू करना चाहिए, ताकि जिले के हजारों शिक्षकों को राहत मिल सके और स्थानीय स्तर पर बेहतर प्रशिक्षण मिल पाए। डॉ. अनुज त्यागी ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर इस मांग की अनदेखी की गई, तो शिक्षक संघ आगे व्यापक आंदोलन की रणनीति पर विचार करेगा। विधायक अजीतपाल सिंह त्यागी ने शिक्षकों की इस मांग को पूर्ण रूप से जायज ठहराते हुए कहा कि वह इस विषय को विधानसभा और संबंधित उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि गाजियाबाद डायट का संचालन शीघ्र शुरू हो, इसके लिए वे खुद पहल करेंगे और शिक्षकों को निराश नहीं होने देंगे।

# भीम आर्मी प्रमुख व सांसद ने नाहल गांव में पीड़ितों को दिया न्याय का भरोसा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। नाहल गांव में हुई पुलिस कार्रवाई और उसके बाद उपजे हालातों ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। इस संवेदनशील घटनाक्रम के बीच भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना से सांसद चंद्रशेखर रावण शुक्रवार को गांव पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने गांववासियों को आश्वस्त किया कि उनके साथ किसी भी तरह की अन्यायपूर्ण कार्रवाई नहीं होने दी जाएगी और दोषियों के खिलाफ वह संसद तक आवाज उठाएंगे। घटना 25 मई 2025 की बताई जा रही है, जब नोएडा फेस-2 की पुलिस एक वांछित अपराधी की तलाश में नाहल गांव पहुंची थी। इसी दौरान फायरिंग की एक घटना में सौरभ देशवाल नामक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने पूरे गांव में व्यापक कार्रवाई शुरू कर दी। कई घरों में छापेमारी की गई, दर्जनों युवकों को हिरासत में ले लिया गया और गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया। इस एकतरफा कार्रवाई से ग्रामीणों में जबरदस्त डर और आक्रोश फैल गया। चंद्रशेखर रावण ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवारों, ग्राम प्रधान और सम्मानित नागरिकों से मुलाकात की और पूरे घटनाक्रम की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने साफ कहा कि यह मामला अब सिर्फ पुलिस कार्रवाई का नहीं, बल्कि इंसाफ और अधिकारों का है। उन्होंने लोगों से कहा कि यदि किसी भी निर्दोष व्यक्ति को पुलिस द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है, तो वे सीधे उन्हें सूचित करें। इस मुद्दे को वे न सिर्फ उत्तर प्रदेश विधानसभा, बल्कि संसद में भी उठाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे इस प्रकरण की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे ताकि सच्चाई सामने आ सके। चंद्रशेखर ने यह स्पष्ट कर दिया कि कानून का पालन जरूरी है, लेकिन निर्दोषों को बलि का बकरा बनाना पूरी तरह गलत और असंवैधानिक है। गांव में चंद्रशेखर के आगमन पर सैकड़ों लोग एकत्र हुए। उन्होंने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और अपनी पीड़ा साझा की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने कई युवकों को बिना कारण के उठा लिया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

# हाउस टैक्स वृद्धि पर पार्षद ने महापौर को लिखा पत्र, जल्द बोर्ड बैठक बुलाने की मांग

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। नगर निगम द्वारा जारी किए गए बढ़े हुए हाउस टैक्स बिलों को लेकर गाजियाबाद में बवाल मचा हुआ है। वार्ड-72 कौशांबी की पार्षद कुसुम गोयल ने इस विषय पर शुक्रवार को महापौर सुनीता दयाल को पत्र लिखकर गहरी आपत्ति जताई है और मांग की है कि इस संवेदनशील मुद्दे पर नगर निगम बोर्ड की आपात बैठक जल्द से जल्द बुलाई जाए, ताकि करदाताओं के बीच उत्पन्न भ्रम की स्थिति को समाप्त किया जा सके। पार्षद कुसुम गोयल ने अपने लिखे पत्र में बताया कि 7 मार्च 2025 को हुई सदन की बैठक में डीएम सर्किल रेट आधारित नई संपत्ति कर दरों को लेकर जो प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था, उसे सर्वसम्मति से पास नहीं किया गया था। लेकिन नगर निगम के कार्यवृत्त में इस प्रस्ताव को पारित दिखाया गया, जो पूरी तरह गलत और भ्रामक है। उन्होंने बताया कि 9 अक्टूबर 2024 को पहले ही सदन इस प्रकार के बढ़े हुए हाउस टैक्स प्रस्ताव को निरस्त कर चुका है, और इसकी पुष्टि भी 7 मार्च 2025 की बैठक में प्रस्ताव संख्या 113 के माध्यम से हो चुकी है। बावजूद इसके, क्षेत्र में नागरिकों को बढ़े हुए हाउस टैक्स के बिल जारी किए जा रहे हैं,

जिससे नाराजगी का माहौल बना हुआ है। कुसुम गोयल ने लिखा कि नगर निगम की इस मनमानी के खिलाफ वेलफेयर एसोसिएशन, व्यापार मंडल और नागरिक लगातार प्रदर्शन और ज्ञापन दे रहे हैं।



## तपती सड़कों पर खड़ी इंसाफ की ड्यूटी

**गाजियाबाद**। जहां एक ओर शहरवासी भीषण गर्मी से बचने को एसी कमरों और ठंडे पेयों का सहारा ले रहे हैं, वहीं दूसरी ओर गाजियाबाद की सड़कों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी बिना किसी राहत या सुविधा के अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं। हालात इतने खराब हैं कि जिला मुख्यालय जैसे अति महत्वपूर्ण स्थान पर तैनात पुलिसकर्मी धूप में खड़े-खड़े बीमार पड़ रहे हैं, मगर प्रशासन की आंखें अब तक बंद हैं। लगातार 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहे तापमान और प्रचंड लू के थपेड़ों के बीच ट्रैफिक कर्मी रोजाना करीब आठ घंटे की ड्यूटी करते हैं। जिला मुख्यालय गेट पर ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मी न बैठने के लिए छांव पाते हैं, न पीने को ठंडा पानी।

# बिजली संकट पर विधायक ने बहरामपुर पावर हाउस का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। प्रचंड गर्मी के बीच बिजली आपूर्ति को लेकर बढ़ती चिंताओं के मद्देनजर विधायक संजीव शर्मा एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को बहरामपुर स्थित पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के पावर हाउस का औचक निरीक्षण किया और बिजली विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में शहरवासियों को किसी भी सूरत में बिजली कटौती का सामना न करना पड़े। विधायक संजीव शर्मा ने निरीक्षण के दौरान कहा कि भीषण गर्मी में बिजली की निर्बाध आपूर्ति किसी भी प्रशासनिक प्राथमिकता से कम नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता नवम इमरान, उपखंड अधिकारी मनीष कुमार, और सब स्टेशन ऑपरेटर विकास कुमार से पावर हाउस की वर्तमान स्थिति, ट्रांसफॉर्मर लोड, और फॉल्ट रिस्पॉन्स सिस्टम की जानकारी ली। मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि विधायक ने अधिकारियों से कहा कि जरूरत पडे पर अतिरिक्त जनरेटर, तकनीकी स्टाफ और हॉटलाइन सुविधा जैसी व्यवस्थाओं को भी सक्रिय रखा जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत समाधान संभव हो। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे और उन्होंने विधायक के सामने अपनी बिजली संबंधी समस्याएं रखीं।

# अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर चला जागरूकता अभियान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के मौके पर जिले में एक संगठित और सशक्त अभियान चलाया गया, जिसका उद्देश्य न केवल बाल श्रम को उजागर करना था, बल्कि इसे जड़ से समाप्त करने के लिए ठोस कदम उठाना भी था। उप श्रम आयुक्त के नेतृत्व में बुलन्दशहर रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां व्यापार संघों और श्रमिक संगठनों को बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986, संशोधित 2016 के प्रावधानों से अवगत कराया गया। सिर्फ जागरूकता ही नहीं, प्रशासनिक सख्ती भी इस दिन का मुख्य केंद्र रही। श्रम प्रवर्तन अधिकारियों की एक संयुक्त टीम ने खोड़ा कॉलोनी में अभियान चलाते हुए 15 किशोर श्रमिकों को चिन्हित किया। इनमें से कई बच्चे कपड़ों की दुकानों, बेकरी, जनरल स्टोर और सैलून में कार्यरत पाए गए। इन सभी मामलों में संबंधित सेवायोजकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई, जिससे यह स्पष्ट संदेश गया कि बाल श्रम को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही न्यू गांधी नगर क्षेत्र से एक किशोर श्रमिक लड़की को मुक्त कराकर बाल कल्याण समिति के माध्यम से उसके परिवार को सौंपा गया। जनपद में 12 जून से 17 जून तक 'अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध सप्ताह' के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान एक जागरूकता वाहन के जरिए बाल श्रम की संभावित जगहों पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। यह वाहन डासना, मसूरी, विजयनगर, खोड़ा, बजरिया और रेलवे स्टेशन जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में लोगों को बाल श्रम की कानूनी, सामाजिक और नैतिक वास्तविकताओं से रूबरू करवा रहा है। सहायक श्रम आयुक्त वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि बाल श्रम सिर्फ कानून का उल्लंघन नहीं, यह बचपन की हत्या है।